जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

# Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर, सोमवार 15 दिसम्बर, 2025


राजस्थान सरकार

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान

## बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान



- किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत **76.18 लाख** किसानों को **₹10,432 करोड़** से अधिक की राशि हस्तान्तरित



- **राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल** इन्वेस्टमेंट समिट में **₹35 लाख करोड़** के एमओयू
- **₹8 लाख करोड़** के निवेश के कार्य प्रारंभ



- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में **1.36 लाख** एवं शहरी में **68,738 आवास** कार्य पूर्ण



- **17 जिलों** में राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी) के लिए **₹26 हजार करोड़** के कार्यादेश जारी



- **3.96 लाख** पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड
- **5 लाख** दुग्ध उत्पादकों को **₹1,172 करोड़** की सहायता



- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में **35 लाख रोगियों को ₹6,860 करोड़** से अधिक का कैशलेस उपचार



- **92 हजार पदों** पर नियुक्तियां, **1.53 लाख** पदों पर नई भर्तियां



- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत **₹6,207 करोड़** के बीमा क्लेम वितरित
- पीएम कुसुम कम्पोनेन्ट-बी के तहत **53,571 सोलर** पम्प सैट की स्थापित



- **16,430 किमी.** नई सड़कें बनी, **प्रतिदिन 23** किमी. सड़क का निर्माण



- **1,754 खिलाडियों** को **₹39.57 करोड़** सहायता
- **658 स्टार्टअप्स** को **₹22.48 करोड़** की सहायता





- महिला सुरक्षा के लिए **500 कालिका** पेट्रोलिंग यूनिट का गठन
- महिला अपराधों में **12 प्रतिशत** की कमी



- ऊर्जा उत्पादन को **28 प्रतिशत (6,839 मेगावाट)** बढ़ाया
- **428.18 मेगावाट क्षमता के 1.05 लाख** रुफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित



- **13.89 लाख** स्वामित्व कार्ड जारी
- कुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में **₹26 प्रतिदिन की वृद्धि**



- मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान और एक पेड़ माँ के नाम के तहत **19 करोड़ वृक्षारोपण**



- मेधावी विद्यार्थियों को **88,724 टैबलेट** वितरित
- छात्राओं को **10.51 लाख साइकिलें** एवं **39,664 स्कूटियां** वितरित



- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में चहुंमुखी विकास के लिए **6,019 ग्राम चयनित**



- गरीब परिवार की महिलाओं को रसोई गैस सिलेण्डर **₹450** में उपलब्ध
- लाडो प्रोत्साहन योजना में **₹1.50 लाख** सेवा बॉण्ड से **4.60 लाख बालिकाओं को लाभ**

राजस्थान संवाद

## नव उत्थान - नई पहचान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

**दो अर्थों वाले शब्द बोलकर, किसी विशेष शब्द पर जोर देकर, या आँख के इशारे से भी झूठ बोला जाता है। इस प्रकार का झूठ स्पष्ट शब्दों में बोले गए झूठ से कहीं बुरा है। –रस्किन**

# नई पीढ़ी भी पढ़ती है!

कुछ बातें इतनी अधिक बार कही जाती हैं कि लोग बिना किसी संशय के, और बिना किसी जांच पड़ताल के उन्हें सच मान बैठते हैं। ऐसी अनगिनत बातों में से एक बात यह है कि नई पीढ़ी कुछ भी नहीं पढ़ती है। मैं जब भी यह बात सुनता हूं, मेरे मन में अनेक सवाल उठने लगते हैं। पहला तो यही कि आखिर नई पीढ़ी है कौन–सी? दूसरा यह कि हम कहां की नई पीढ़ी की बात कर रहे हैं? भारत की नई पीढ़ी की या दुनिया भर की नई पीढ़ी की? तीसरी बात यह कि हमें इस बात का पता कैसे चला कि नई पीढ़ी पढ़ती नहीं है। चौथी बात यह कि जो इतनी सारी किताबें लिखी जा रही हैं, छापी जा रही हैं और बेची जा रही हैं, उनका उपभोक्ता कौन है? ऐसे ही और भी अनेक सवाल बराबर मन में उठते रहे हैं। आज इन सवालों पर कुछ चर्चा कर रहा हूं।

मेरा यह मानना है कि हमें नई पीढ़ी उसे मान लेना चाहिए जिसे आजकल जेन जी (उाहँ) कहा जाता है। यह वह पीढ़ी है जिसका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है। यहीं यह भी बताता चलूं कि इसके पहले वाली पीढ़ी, जिसका जन्म 1981 से 1996 के बीच हुआ, को मिलेनियल्स कहा जाता है। जेन जी के बाद वाली पीढ़ी, जिसका जन्म 2013 के बाद हुआ उसे जेनरेशन अल्फ़ा कहा जाता है। तो हम बात कर रहे हैं जेन जी की। भारत में जेन जी कुल आबादी का लगभग बीस प्रतिशत है। यह वह पीढ़ी है जो डिजिटल युग में जन्मी और बड़ी हुई है। इसके लिए स्मार्ट फ़ोन, इंटरनेट, सोशल मीडिया वगैरह बहुत आम और सहज सुलभ हैं। इन सबका असर इस पीढ़ी की पढ़ने की आदतों पर भी पड़ा है। अगर हम केवल भारत की बात करें तो इस बात को स्वीकार करने में कोई हर्ज़ नहीं है कि इस नई पीढ़ी की पढ़ने की आदत में कमी आई है। एक सर्वेक्षण में पाया गया कि इस जेन जी के 35 प्रतिशत युवाओं को पढ़ना एकदम नापसंद है और 45 प्रतिशत कभी–कभार मनोरंजन के लिए कुछ पढ़ लेते हैं। पढ़ने की आदत में कमी का एक प्रमुख कारण यह ह कि इस पीढ़ी के लोगों की एकाग्रता अवधि (अटेंशनस्पान) बहुत तेज़ी से घटी है। फिर भी इस पीढ़ी के कुछ लोग पढ़ते हैं। जब यह जानने का प्रयास किया गया कि वे क्या पढ़ना पसंद करते हैं तो पता चला कि वे रोमांस, फैण्टेसी, स्वय सहायता पुस्तकें, ऐतिहासिक और मिथकीय कथा साहित्य विशेष रूप से पढ़ना पसंद करते हैं। इस पीढ़ी की दिलचस्पी साहित्यिक कृतियों में कम हुई है, हालांकि कुछ लोग क्लासिक्स पढ़ते हैं। वैसे सारे ही पाठकों को अब कथा की बजाय कथेतर अधिक रुचने लगा है। यह जो नई पीढ़ी है इसे गंभीर साहित्यिक कृतियों की बजाय वह सामग्री अधिक आकर्षित करती है जो उनके जीवन को सफलता के मार्ग पर ले जा सके। यह पीढ़ी पारंपरिक किताब की बजाय अन्य डिजिटल माध्यमों पर पढ़ना ज़्यादा पसंद करती है और यह बात भी कम दिलचस्प नहीं है कि भारत में सन 2025 में जेन जी की स्मार्टफ़ोन पर की जाने वाली पढ़ाई में पूरे 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अपने देश में इस जेन जी समूह का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा स्मार्टफ़ोन पर ही सब कुछ पढ़ लेता है। एक और मज़े की बात यह है कि यह पीढ़ी समाचार वगैरह तो अंग्रेज़ी में पढ़ती है लेकिन अन्य सामग्री ख़ासतौर पर दृश्य श्रव्य माध्यमों पर हिंदी में सुनती है।

इस बात को स्वीकार करने में भी कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि भारत की जेन जी हिंदी पर अंग्रेज़ी को वरीयता देती है। उसने मान लिया है कि सफलता के दरवाज़े खोलने की सामर्थ्य हिंदी से ज़्यादा अंग्रेज़ी में है। शायद यह भी एक वजह है कि जब यह जानने का प्रयास किया गया कि अगर जेन जी साहित्य पढ़ती है तो किन लेखकों को अधिक पढ़ती है, तो अधिक नाम उन लेखकों के सामने आए जो अंग्रेज़ी में लिखते हैं। जैसे अंकुर वारिकू, निधि उपाध्याय, अनुजा चौहान। चेतन भगत। अमीष त्रिपाठी, अनुजा सुब्रह्मण्यम, जुनीचोपड़ा, भविनसरखेड़ी, देवदत्त पट्टनायक और मणिका सांघी। हां, कुछ लोग हिंदी लेखकों को भी पढ़ते हैं और जो नाम सामने आए उनमें उदयप्रकाश, गीतांजलि श्री, प्रवेश यादव (2025 के साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार विजेता), विनोद कुमार शुक्ल और अलका सरावगी प्रमुख हैं। प्रेमचंद, निर्मल वर्मा जैसे लेखक तो सदा से ही सबके प्रिय रहे हैं।

> **कभी साहित्य की भाषा संस्कृत थी, अब हिंग्लिश होने लगी है। तो बदलाव हमेशा होते हैं। अगर नई पीढ़ी की पढ़ने की रुचियां बदली हैं तो बजाय उन रुचियों की लानत मलामत करने के, हमें सदाशयता के साथ उन बदलावों को समझना होगा। इसी तरह जो सृजन कभी श्रुति परंपरा से ही प्रसारित होता था, वह ताड़ पत्र, हाथ से बनाई गई प्रतिलिपियों की राह से होता हुआ आज डेस्कटॉप पब्लिशिंग से भी आगे निकल चुका है। ऐसे में अगर आज की पीढ़ी कागज़ पर छपी किताब न पढ़कर टैब या स्मार्टफ़ोन के स्क्रीन पर पढ़ती है या उसे ऑडियो बुक के रूप में सुनती है तो इन बदलावों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। आज का समय भाग दौड़ का है। समय का सबके पास अभाव है। समय का भी और धैर्य का भी।**

अब ज़रा भारत से बाहर निकल कर वैश्विक जेन जी की बात भी कर लें। यह जानना बहुत चौंकाने वाला हो सकता है कि जेन जी को सबसे ज़्यादा पढ़ने वाली पीढ़ी माना जाता है। एक अध्ययन बताता है कि इस पीढ़ी के लोग हर माह औसतन 2.1 मुद्रित पुस्तक खरीदते हैं, जबकि इसके पहले वाली मिलेनियल्स पीढ़ी के लोग 1।8 छपी हुई किताब ही खरीदते थे। किताबों के खरीदने की आदत की इस वृद्धि में बुक टॉक की बहुत बड़ी भूमिका मानी जाती है। बता दूं कि बुक टॉक उस टिक टॉक का जो भारत में फिलहाल प्रतिबंधित है, एक प्लेटफॉर्म है। लेकिन बुक टॉक ने भारत के युवाओं की पढ़ने की आदत को भी बढ़ाया है। यह माना जाता है कि बुक टॉक ने दुनिया भर में मुद्रित किताबों की बिक्री में 18 प्रतिशत की वृद्धि की है। बुक टॉक पर पुस्तकों की चर्चा, उनकी समीक्षा आदि होती है। वैश्विक स्तर पर जेन जी को जो लेखक सर्वाधिक प्रिय हैं उनमें से कुछ ये हैं: कोलीनहूवर, रूपी कौर, एंजी थॉमस, जॉन ग्रीन, मैडेलिन मिलर, निकोलायून, एमांडागोर्मन और युवा लेखकों में ख़ास तौर पर ए.एल. स्लेड तथा ताशीभुइया। यह पीढ़ी फिक्शन भी पढ़ती है और रहस्य रोमांच, थ्रिलर, फैण्टेसी में रुचि रखती है। इनके अलावा सेल्फ हेल्प, लाइफ स्टाइल, गोल सेटिंग और नॉन फिक्शन में मेमॉयर इन्हें बहुत पसंद हैं।

जहां तक बात मुद्रित किताबों की है, मैं हमेशा यह सवाल करता हूं कि अगर लोग (जिनमें युवा पीढ़ी भी शामिल है) पढ़ नहीं रहे हैं तो इतनी सारी किताबें लिखी किनके लिए जा रही हैं? छप क्यों रही हैं? प्रकाशन गृह बंद क्यों नहीं हो रहे हैं? नए नए प्रकाशक क्यों बाज़ार में आ रहे हैं? ज़ाहिर है कि किताबें छप रही हैं और बिक भी रही हैं। देश भर में जो इतने सारे साहित्य उत्सव हो रहे हैं और वहां जो बड़ी भीड़ देखी जा रही है, क्या उसकी किताबों में कोई रुचि है ही नहीं? अगर साहित्य उत्सव को एक व्यवसाय मानकर भी बात करें तो कोई व्यवसाय उपभोक्ता के बगैर तो नहीं चल सकता है।

असल में जब पिछली पीढ़ी के हम लोग यह कहते हैं कि नई पीढ़ी पढ़ती नहीं है तो आम तौर पर हमारा आशय यह होता है कि नई पीढ़ी साहित्य नहीं पढ़ती है, वह साहित्य जो हमें बहुत प्रिय है। इस बात को स्वीकार कर लिया जाना चाहिए कि समय के साथ रुचियां बदलती हैं। किसी ज़माने में लोग के.एल. सहगल को सुनते थे, फिर बेग़म अख़्तर को सुनने लगे और उसके बाद जगजीत सिंह प्रिय हो गए। अब वे भी पुराने हो गए हैं। कभी महाकाव्य लिखे जाते थे, वहां से चलते–चलते हम उस समकालीन कविता तक आ गए जिसमें न तुक है न लय (पारंपरिक अर्थ में)। कभी साहित्य की भाषा संस्कृत थी, अब हिंग्लिश होने लगी है। तो बदलाव हमेशा होते हैं। अगर नई पीढ़ी की पढ़ने की रुचियां बदली हैं तो बजाय उन रुचियों की लानत मलामत करने के, हमें सदाशयता के साथ उन बदलावों को समझना होगा। इसी तरह जो सृजन कभी श्रुति परंपरा से ही प्रसारित होता था, वह ताड़ पत्र, हाथ से बनाई गई प्रतिलिपियों की राह से होता हुआ आज डेस्कटॉप पब्लिशिंग से भी आगे निकल चुका है। ऐसे में अगर आज की पीढ़ी कागज़ पर छपी किताब न पढ़कर टैब या स्मार्टफ़ोन के स्क्रीन पर पढ़ती है या उसे ऑडियो बुक के रूप में सुनती है तो इन बदलावों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। आज का समय भाग दौड़ का है। समय का सबके पास अभाव है। समय का भी और धैर्य का भी। जैसे हम जल्दी से जल्दी सब कुछ पा लेना चाहते हैं उसी तरह सृजन का आस्वाद भी बहुत जल्दी ले लेना चाहते हैं। ऐसे में दीर्घ रचनाओं का स्थान अगर लघु और अत्यंत लघु रचनाओं ने ले लिया है, सृजन का रूप बदल रहा है। अगर रील्स से यह पीढ़ी सृजन का आस्वाद लेती है तो इसे भी बदलाव के एक आयाम के रूप में देखा जाना चाहिए।

हर पीढ़ी पिछली पीढ़ी का बहुत कुछ छोड़कर अपने लिए नया रचती–गढ़ती है। आज की जेन जी यही कर रही है। जो हमसे अलग है उसे नकारना ठीक नहीं। उसके प्रति सद्भावी रहकर उसे समझना होगा। मैंने यही करने का प्रयास किया है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# रोहिंग्या मुद्दे पर सीजेआई बधाई के पात्र हैं



सूर्यप्रतापसिंह राजावत

क्या हम रोहिंग्या लोगों का रेड कार्पेट पर स्वागत करें? भारत के मौजूदा चीफ जस्टिस सूर्यकांत कुमार ने हाल ही में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से यह सवाल पूछा। यह चिंता मानवीय मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय कानून से निपटते समय संवैधानिक नैतिकता के मुद्दे के साथ–साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे को भी दिखाती है। भारत का संविधान भारत के नागरिकों और उन लोगों के मौलिक अधिकारों को मान्यता देता है जो भारत के नागरिक नहीं हैं, लेकिन भारत के कानूनी ढांचे के भीतर कानूनी दर्जा रखते हैं। कुछ खास कानूनी प्रावधान हैं जो नागरिकता के मुद्दे से निपटते हैं, जैसे कि भारत के संविधान के भाग दो के तहत अनुच्छेद 5, 6, 7, 8 और 9, जो 26 नवंबर 1949 से ही लागू हैं। यह भारत के नागरिक की स्थिति और अधिकारों के महत्व और दायरे को दर्शाता है। भारत के संविधान के भाग तीन के तहत अनुच्छेद 32 राज्य के खिलाफ मौलिक अधिकार को लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाने का मौलिक अधिकार प्रदान करता है। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका अवैध रोहिंग्या प्रवासियों के निर्वासन से संबंधित है । सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को अपनी बोनाफाइड्स साबित करने का निर्देश दिया है।

भारत के संविधान को बेहतर ढंग से समझने के लिए हमें भारत के लोगों के वर्गीकरण को समझना होगा। पहला, भारत के वे लोग जो संविधान के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए कानूननागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार भारत के नागरिक हैं। भारतीय नागरिकता जन्म, वंश, पंजीकरण, प्राकृतिककरण या क्षेत्र के समावेश द्वारा प्राप्त की जा सकती है दूसरा, वे लोग जो आप्रवास और विदेशियों का अधिनियम, 2025 के अनुसार पासपोर्ट और वीज़ा के रूप में सक्षम प्राधिकारी से उचित अनुमति लेकर भारत में निवास करते हैं या बस जाते हैं। और तीसरा, वे लोग हैं जो सक्षम अथॉरिटी की इजाज़त के बिना भारत में रहने या बसने में कामयाब हो गए हैं, जिन्हें अवैध प्रवासी या घुसपैठिए कहा जाता है। नागरिकों, व्यक्तियों और भारत की ज़मीन पर बिना किसी कानूनी दर्जे वाले तीसरे वर्ग के लोगों के मौलिक अधिकारों में साफ़ अंतर है। कानूनी तौर पर, भारत ने आज तक 1951 के संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी कन्वेंशन या उसके 1967 के प्रोटोकॉल पर साइन नहीं किए हैं। यह व्यापक रूप से बताया गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत को धर्मशाला न बनाने के कारण इस कन्वेंशन की पुष्टि न करने का सही कारण बताया है। इसलिए, भारत में शरणार्थियों के नाम से कोई वर्ग मौजूद नहीं है, क्योंकि भारतीय कानून में शरणार्थियों का कोई कानूनी दर्जा और मान्यता नहीं है।

समानता का अधिकार और जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार जैसे मौलिक अधिकार भारत के सभी लोगों को मिलते हैं, चाहे वे नागरिक हों या कानूनी तौर पर मान्यता प्राप्त लोग। लेकिन आर्टिकल 19 के तहत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार सिर्फ़ भारत के नागरिकों को ही दिए गए हैं और इन पर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2021 के अपने आदेश में भी यही बात मानी है। इसलिए, भारत के संविधान बनाने वालों ने एक तर्कसंगत वर्गीकरण की कल्पना की थी। और भारत गणराज्य के लागू होने के बाद से, यानी 26 जनवरी 1950 से सुप्रीम कोर्ट भी इसी का पालन कर रहा है। इन प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए, कोई भी घुसपैठिया या अवैध प्रवासी भारत में रहने या बसने के लिए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के तहत सुरक्षा का दावा नहीं कर सकता। भारत में निवास और बसने के उद्देश्य से अनुच्छेद 19(1)(ई) केवल इस देश के नागरिकों के लिए कानून के ढांचे के भीतर उपलब्ध है और रोहिंग्या जैसे घुसपैठियों और अवैध प्रवासियों द्वारा इसका दावा नहीं किया जा सकता है।

प्राचीन भारत इस धरती पर सबसे पुरानी सभ्यताओं का उद्गमस्थल रहा है। विविधता, सबको साथ लेकर चलना, लोकतंत्र और खुलापन इस प्राचीन ज़मीन की पहचान रहे हैं। भारत को इस पर गर्व है। इसमें कोई शक नहीं कि दुनिया आधुनिक युग की चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर देख रही है। लेकिन भारत की 15000 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा सात पड़ोसी देशों के साथ लगती है, जिसमें सबसे लंबी सीमा बांग्लादेश (4,096.7 किमी) और सबसे छोटी अफगानिस्तान (106 किमी) के साथ है, जो भारत की सुरक्षा चिंताओं को उजागर करती है। इसमें चीन (3,488 किमी), पाकिस्तान (3,323 किमी), नेपाल (1,751 किमी), म्यांमार (1,643 किमी) और भूटान (699 किमी) के साथ बड़ी सीमाएँ शामिल हैं। साथ ही, अस्थिर और बदलती दुनिया की व्यवस्था, आतंकवाद का खतरा, अवैध प्रवासियों और घुसपैठियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को सबसे बड़ी प्राथमिकता बनाता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणियाँ ऐसी ही चिंताओं को दर्शाती हैं।

मानवीय चिंताएँ भारत के नागरिकों के लिए सीमित संसाधनों से ज़्यादा महत्वपूर्ण नहीं हो सकतीं। गरीबी अभी भी भारत के लाखों नागरिकों के लिए एक कड़वी सच्चाई है। रोहिंग्या जैसे अवैध प्रवासियों को सब्सिडी वाला भोजन, शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएँ देना तथाकथित एक्टिविस्टों के परोपकारी अहंकार (सात्विक अहंकार) को ही बढ़ाएगा। जो मुद्दे सीधे तौर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़े हैं, उन्हें हर हाल में इंडिया फर्स्ट मानसिकता के साथ निपटाया जाना चाहिए। इससे कम कुछ भी प्राथमिकताओं की सूची और अंतर्राष्ट्रीय कानून की समझ की कमी को दिखाएगा। राष्ट्र धर्म का बोध लोकतंत्र के सभी स्तंभों–विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया में अति आवश्यक है।

खबर है कि कुछ सेल्फ–प्रोक्लेम्ड एक्टिविस्ट्स ने भारत के चीफ जस्टिस को एक लेटर साइन करके भेजा है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय महत्व के शरणार्थियों के मुद्दे पर उनकी टिप्पणियों पर बात की है। ऐसा लगता है कि पत्र की विषयवस्तु न्यायपालिका को प्रभावित करने और वांछित सहमति प्राप्त करने के गुप्त उद्देश्यों से लिखी गई है। भारतीय संविधान की योजना के अनुसार, यह मुद्दा भारत के राष्ट्रपति को संबोधित किया जाना चाहिए, न कि न्यायपालिका को। हाल ही में, कैंडल लाइट मार्च की तरह, इंटरनेशनल मीडिया की हेडलाइंस में आने का एक ट्रेंड और टूलकिट बन गया है, जहाँ भारत में कुछ लोग संवैधानिक नैतिकता और इंटरनेशनल कानूनों का उपदेश देना शुरू कर देते हैं। लेकिन राष्ट्र धर्म और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की मांग है कि संविधान के मूल्यों का उपदेश देने वाले लोगों को वर्तमान अस्थिर विश्व परिदृश्य में भारत को केंद्र में रखते हुए आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

**–सूर्यप्रतापसिंह राजावत,**
**अधिवक्ता,**
**राजस्थान उच्चन्यायालय**
**जयपुर**

# लोकतंत्र में विधानों के प्रेरक स्रोत



राम निवास बैरवा

इन दिनों कानूनों की चीर–फाड़ का दौर चल रहा है। पिछले साल नवंबर, 2024 में संविधान के अनुच्छेद 39 के साठ दशक पुराने मामले में नौ जजों की संविधान पीठ के फैसले पर दो जजों ने शेष सात जजों के फैसले पर ऐतराज दर्ज किया था। यह संविधान के प्रवधानों की व्याख्या से जुड़ा था। अभी राज्यपालों और राष्ट्रपति के द्वारा विधानसभाओं द्वारा पारित कानूनों को अनिश्चित काल तक रोके रखने का मामला, बिहार में मतदाता सूचियों में असामयिक संशोधन के मामले में चुनाव आयुक्त की भूमिका का मामला, आदि की सुप्रीम कोर्ट में बहस चल रही है। जो भी तर्क–वितर्क सुनने को मिल रहे हैं उनमें व्यक्तिगत बचाव और संवैधानिक प्रतिबद्धता का प्रश्न बहुत ही ज्यादा मुखरित हो रहा है।

स्पष्ट है कि प्रत्येक गुट की, प्रत्येक समुदाय की, प्रत्येक वर्ग की अपनी–अपनी आवश्यकताएं होती हैं और उनके प्रतिद्वंद्वी गुट, समुदाय या वर्ग के हाथों में कानून बनाने का अधिकार होने पर वह कानून बनाते समय अपने हितों को प्राथमिकता देता है, अपने लिये विशेष सुरक्षा प्रावधान तैयार करता है और अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रतिरोध को दबाने के प्रावधान भी, सामाजिक आवश्यकता के नाम पर करता है।

इस प्रकार– वर्तमान समय में प्रचलित कानूनों के अंतर्निहित स्रोतों और प्रवाहों को सात श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है। जाहिर है, ये श्रेणियां प्रचलित श्रेणियां नहीं हैं जिन्हें सिविल कानून, अपराध कानून, कराधान कानून, श्रम कानून या इसी प्रकार के नाम से जिन्हें जाना जाता है। ये हैं–

नियमन करने वाले कानून; उन्मूलन करने वाले कानून; प्रतिबंधित करने वाले कानून; सीमित करने वाले कानून;–

संरक्षण देने वाले कानून; सुसाध्य/परिस्थितियां उपलब्ध कराने वाले कानून; तथा प्रगति–मूलक कानून।

नियमन करने वाले कानून (Regulating Law) : सामान्यत: प्रत्येक कानून किसी न किसी मामले का नियमन करने के लिए माना जाता है। परन्तु इसके विश्लेषण में ऐसे कानून उन्हीं विषयों और मामलों का नियमन करते पाये जाते हैं जिनको लक्ष्य कर इन्हें बनाया जाता है। इस प्रकार के कानून कराधान से संबंधित भी हो सकते हैं और कल्याणमूलक भी।विषयों का संचालन करने वाली कार्यपालिका/व्यवथापिका, जिसे भारत के संदर्भ में 'नौकरशाही' भी कह सकते हैं, के सहायक होते हैं, जो कि अन्तत: आम जनता के शोषण का माध्यम बन जाते हैं, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के स्त्रोत बन जाते हैं।

उन्मूलन करने वाले कानून (Eliminating Law) उन्मूलन करने वाले कानूनों के अन्तर्गत किसी या किन्हीं मामलों को समाप्त करना या उन्हें हटाना होता है। ऐसे कानूनों के द्वारा निश्चित रूप से समाज की उन्नति के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है तथा उसके उज्जवल भविष्य के द्वारा खोले जा सकते हैं। ऐसा कानून अभी तक भारत में नहीं बनाया गया है, बावजूद इसके कि संविधान में इस प्रकार के कानूना बनाने की अनिवार्यता प्रतिपादित की गई है। ऐसे कानून नहीं बना पाना संविधान के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

प्रतिबंधित करने वाले कानून (इ्दिप्ंगूहु ै) : प्रतिबंधित करने वाले कानून आम जनता पर या किसी वर्ग पर (स्पष्ट रूप से प्रतिद्वंद्वी वर्ग पर) कुछ प्रतिबंध लगाने के लिए होते हैं, कि फलां काम नहीं किया जाए या ऐसा नहीं किया जाये या वैसा नहीं किया जाये। ऐसे कानून प्रतिबंधित करने वाले कानूनों के पूरक होते हैं, जिन मामलों, परिस्थितियों को तत्काल समाप्त तो नहीं किया जा सकता, परंतु उन पर फिलहाल तब तक रोक लगा दी जाती है जग तक कि उन्हें समाप्त करने की परिस्थितियां पैदा नहीं की जा सकतीं। जैसे, गरीबी उन्मूलन और असमानता को मिटाने जैसे विषय इसी श्रेणी में आते हैं। फिलहाल, अभी तक बनाये गये इस प्रकार के कानूनों के संबंध में कहने को तो यही प्रचारित किया जाता है कि ऐसे कानून के माध्यम से लगाये गये कथित प्रतिबंध आम जनता के हित में हैं, परन्तु ये निश्चित तौर पर सत्ताधारी वर्ग के हित में ही होते हैं। इससे सत्ताधारी वर्ग के हितों और विचारधरा को ही बल प्रदान किया जाता है। आश्चर्यजनक रूप से इन प्रतिबंधित करने वाले कानूनों के द्वारा उन वर्गों, गुटों या समुदायों का अस्तित्व समाप्त करने वाले प्रयास नहीं होता है, क्योंकि उनके अस्तित्व से ही सत्ताधारी वर्ग का अस्तित्व बना रहता है।

सीमित करने वाले कानून (Limiting Law) : सीमित करने वाले कानूनों के माध्यम से किसी वर्ग विशेष समुदाय पर पाबंदी लगाई जाती है किस वह किसी मामले विशेष में एक सीमा से अधिक कुछ हासिल नहीं करे या अपेक्षा नहीं करे। इस प्रकार के कानून दोहरे रूप में कार्य करते हैं, एक तरफ एक वर्ग को एक सीमा तक सीमित करते हैं, प्रतिबंधित करते हैं तो दूसरी तरफ अन्य समुदाय या वर्गों को इस बात की छुट दे देते है कि वे उस उल्लिखित सीमा से आगे उपलब्ध साधन–सुविधाओं का उपभोग कर सके। ऐसे मामलों में एक वर्ग को सीमित दायरे में रहना होता है, जबकि अन्यों को सीमा से बाहर भी। उदाहरण के लिए, निजता और व्यक्त करने की स्वतंत्रता, न्याय के समक्ष समानता का अधिकार के मामले।

संरक्षण देने वाले कानून (Protecting Law) : संरक्षण देने वाले कानून वे होते है जो किसी वर्ग को या किसी मामले को जैसा का तैसा रखने के लिए बनाये जाते हैं। इनकी वजह से संरक्षित वर्गों के मामलों को विकसित होने का अवसर नहीं मिलता है या प्रगति के लिए बाहर जाने का अवसर नहीं मिलता।

सुसाध्य/परिस्थितियां उपलब्ध कराने वाला कानून (Facilitating Law) : इस प्रकार समाज विकास की राह पर आगे बढ़ता है। परन्तु, यदि इनके पीछे उपरोक्त वर्णित दूसरी व तीसरी श्रेणी के कानून का सा अन्तर्य भी होगा तो, यह केवल किसी वर्ग विशेष की ही सेवा करेगा, उस ही को सुविधाएं प्रदान कर साधन–सम्पन्न व शक्तिशाली बनाएगा।

प्रगतिमूलक कानून (Elivating Law) : प्रगतिमूलक कानून भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करते हुए उन्हें प्राप्त करने के अवसर भी उपलब्ध कराता है। इस प्रकार के कानून किन्हीं परिस्थितियों का उन्मूलन करने और किन्हीं को अवसर उपलब्ध कराने वाले कानूनों की अन्तर्धाराओं की मुख्य विशेषताओं के साथ संरक्षण प्रदान करने के लिए भी होते हैं।

किसी भी देश के विभिन्न कानूनों में ये ही विचारधाराएं और प्रेरक तत्व विद्यमान मिलेंगे।

यदि उनका सामाजिक परिप्रेक्ष्य में विश्लेषण किया जाए। जबकि प्रत्येक देश के संविधान में ये ही प्रेरक तत्व केन्द्रीभूत रूप से मिलते हैं, चाहे वह संविधान राजतंत्र के अधीन लोकतन्त्र का हो या राष्ट्रपति शासन पद्धति के लोकतन्त्र का हो। लोकतन्त्र में इस तथ्य का कोई महत्व नहीं है कि वह राजतंत्र के अधीन है या राष्ट्रपति या प्रधानमंत्रीय पद्धति का है, बल्कि फर्क इस बात से पड़ता है कि संविधान में किस वर्ग को मुखरित किया गया है, किस वर्ग को अवसरों से वंचित रखने के अन्तर्निहित प्रावधान हैं और यदि सर्वाधिक लोकतंत्र के अवसर आम जनता को उपलब्ध करवाने के प्रावधान कर भी दिए गए हैं तो व्यवहार में उनका क्या हश्र हो रहा है। ऐतिहासिक रूप से अभिजात्य, कुलीन, दबदबा बना चुके वर्ग क्या अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए उन प्रावधानों को लागू करने में स्वतंत्रता प्राप्त नहीं किए हुए हैं, उनका उल्लंघन अवहेलना करना क्या वे अधिकार नहीं मानते?

**– राम निवास बैरवा,**
**पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि**
**आयुक्त**

# शक्करगढ़ में खाद नहीं मिलने से कई किसान निराश होकर लौटे

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में शक्करगढ़ कृषि विभाग के निर्देशन में शक्करगढ़ में आधार कार्ड के माध्यम से खाद वितरण किया गया। खाद लेने के लिए बेड़, बरोदा, बाकरा, खेरूना, टीटोडा सहित कई ग्राम पंचायतों के किसान बड़ी संख्या में शक्करगढ़ पहुंचे। सुबह से ही वितरण केंद्र पर किसानों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान कुल 780 कट्टे खाद का वितरण किया गया, लेकिन मांग अधिक होने के कारण कई किसान खाद नहीं मिलने से निराश होकर लौटे। किसानों का कहना है कि रबी सीजन के चलते खाद की आवश्यकता बढ़ गई है, जबकि आपूर्ति सीमित होने से परेशानी हो रही है।

**■ खाद वितरण को लेकर किसानों की भारी भीड़, 780 कट्टे ही बांटे**

खाद वितरण कार्य में सहायक कृषि अधिकारी अमित कुमार जागेटिया, कृषि प्रवेक्षक मस्तराम मीना एवं अंजली मीना मौजूद रहे। आधार कार्ड सत्यापन के बाद ही किसानों को खाद उपलब्ध कराया गया। किसानों ने विभाग से शीघ्र और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि सभी जरूरतमंद किसानों को समय पर खाद मिल सके और फसल उत्पादन प्रभावित न हो।



**खाद नहीं मिलने से निराश किसानों ने आक्रोश जताया।**

## राजगढ़ धाम में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया

**अजमेर,** (निसं)। राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मसाणिया भैरव धाम, राजगढ़ में ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम धाम के मुख्य उपासक चंपालाल महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी नसीराबाद देवी लाल यादव तथा विकास अधिकारी श्रीनगर महेश चौधरी की उपस्थिति में भैरव धाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई की गई। चंपालाल महाराज ने सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छता अभियान के लिए आभार व्यक्त किया। मंदिर समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 15 दिसम्बर, 2025**


पौष मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, चित्र नक्षत्र दिन 11:09 तक, शोभन योग दिन 12:30 तक, बव करण प्रात: 8:05 तक, चन्द्रमा तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–तुला, मंगल–धनु, बुध–वृश्चिक, गुरू–मिथुन, शुक्र–वृश्चिक, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।


आज पौष संक्रांति, सूर्य मूल धनु में प्रवेश रात्रि 4:20 पर करेगा। शुक्र अस्त पूर्ण में प्रात: 8:00 पर होगा। आज सफला एकादशी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:30 तक, शुभ 9:47 से 11:04 तक, चर 1:39 से 2:57 तक, लाभ–अमृत 2:57 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:12, सूर्यास्त 5:31 तक



**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।




**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**कर्क**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेंगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से मनोबल बढ़ेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों से सहयोग मिलेगा।



**तुला**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन: स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**
धार्मिक–सामाजिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। धार्मिक से कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।



**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।



**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 47 संख्याः 142 प्रभात बीकानेर, सोमवार 15 दिसम्बर, 2025 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रू.

# बिहार के नितिन नबीन सिंहा भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने

- काफी समय से भाजपा में किसी कायस्थ नेता को आगे लाने पर विचार चल रहा था।
- नितिन नबीन लगातार पाँचवी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं तथा बिहार में पथ निर्माण, शहरी विकास एवं आवास तथा कानून व न्याय विभाग के मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के संसदीय बोर्ड के इस फैसले की जानकारी राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स हैंडल पर अपने एक पोस्ट में नितिन नबीन को नयी जिम्मेदारी के लिये बधाई दी। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी नितिन नबीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी है। इसके साथ नबीन को सोशल मीडिया पर बधाई देने का तांता लग गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर अपने बधाई संदेश में लिखा कि "नितिन नबीन ने एक मेहनती कार्यकर्ता के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। वह युवा और मेहनती नेता हैं, जिनके पास संगठन का अनुभव है और बिहार में कई बार विधायक और मंत्री के तौर पर उनका शानदार रिकॉर्ड रहा है। मुझे विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में हमारी पार्टी को मज़बूत करेगा। उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई।"

ज्ञात रहे कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था। तब से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कयास लगने लगे थे। नड्डा 2020 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए थे। बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष उनका कार्यकाल जून 2024 तक था।

नबीन को यह जिम्मेदारी पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति को धार देने में उनकी भूमिका को देखते हुये दी गयी है। उनकी नियुक्ति को बिहार की राजनीति में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है।

भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के नाम की घोषणा के साथ ही उन तमाम अटकलों पर भी विराम लग गया है, जिनमें कई दिग्गज नेताओं के नाम की संभावनाएं जताई जा रही थीं। नितिन नबीन की नियुक्ति को लेकर भाजपा ने जातीय समीकरण भी साधने की कोशिश की है।

भाजपा के नए अध्यक्ष कायस्थ समुदाय से आते है और दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोन सिन्हा के बेटे हैं। इस समुदाय से बीजेपी में शीर्ष पद पर कई नेताओं को लाने की बात लंबे समय से चल रही थी। साथ ही आने वाले पश्चिम बंगाल और 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में नितिन नबीन की अहम भूमिका हो सकती है।

जानकारी के मुताबिक नितिन नबीन की बिहार में काफी मजबूत पकड़ है। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की अधिक सीटें लाने में उनका खास योगदान रहा है। वह इस बार लगातार पांचवीं बार बिहार विधानसभा चुनाव जीते हैं। एक बार फिर वह मंत्री बने हैं। वर्तमान में वह बांकीपुर विधानसभा से विधायक हैं।

नितिन नबीन का जन्म प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार में 1 सितंबर 1980 को पटना में हुआ। उनके पिता, स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता थे और पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे।

नबीन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नई दिल्ली के सीएसकेएम पब्लिक स्कूल से प्राप्त की और 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई वहीं से पूरी की। नबीन ने पिता के निधन के बाद वर्ष 2006 में पटना पश्चिम विधानसभा सीट से उपचुनाव जीतकर सक्रिय राजनीति में कदम रखा।

नबीन ने बिहार सरकार में कई अहम मंत्रालयों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। वे पथ निर्माण मंत्री, शहरी विकास एवं आवास मंत्री तथा कानून एवं न्याय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके कार्यकाल में बुनियादी ढांचे और शहरी विकास से जुड़े कई फैसलों को गति मिली।

नबीन की पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका रही है। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे। इसके अलावा उन्हें छत्तीसगढ़ में भाजपा का चुनाव प्रभारी भी नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने संगठन को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई।

नबीन को उनकी विनम्रता, जमीनी स्तर से जुड़ाव और मजबूत संगठनात्मक अनुभव के लिए जाना जाता है। पार्टी और सरकार-दोनों स्तरों पर उनका अनुभव उन्हें भाजपा नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण चेहरा बनाता है।

## सिडनी में यहूदी उत्सव में गोलीबारी से 10 मरे

सिडनी, 14 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की राजधानी सिडनी में रविवार शाम बोंडी बीच पर हुई गोलीबारी में एक हमलावर सहित 12 लोग मारे गये, जबकि दो पुलिसकर्मियों सहित 11 से ज्यादा लोग घायल हुए।

यह घटना उस समय हुई जब बीच पर यहूदी समुदाय का वार्षिक हनुका उत्सव "चानुका बाय द सी" चल रहा था। हनुका त्योहार की पहली शाम को यह हमला हुआ।

- एक बीच पर वार्षिक उत्सव में दो हजार यहूदी एकत्रित थे। काले कपड़े पहने दो हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की।

इसका आयोजन चबाड ऑफ बॉन्डी द्वारा किया गया था। यह एक परिवारिक कार्यक्रम था। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, यहां 2000 के करीब लोग इकट्ठा हुए थे। इनमें यहूदी समुदाय के सदस्यों के अलावा स्थानीय लोग और पर्यटक भी मौजूद थे। यह आयोजन बीच के उत्तरी छोर पर बॉन्डी पार्क प्लेग्राउंड के करीब हो रहा था। लोग हनुका की पहली मोमबत्ती जलाने, संगीत सुनने, नाचने-गाने और त्योहार की खुशियां मनाने के लिए आए थे।

स्थानीय समयानुसार शाम करीब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चुनाव आयोग पारदर्शी तरीके से काम करे तो भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत पाए- राहुल

## कांग्रेस की दिल्ली रैली में बड़ी संख्या में लोग आए

- सोनिया गांधी, खड़गे, राहुल-प्रियंका, वेणुगोपाल के अलावा कांग्रेस के मुख्यमंत्री, कार्यसमिति सदस्य, प्रभारी महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दलों के नेताओं सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने रैली में भाग लिया।

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर। कांग्रेस के वोट चोरी के खिलाफ देश भर में चलाए गये अभियान के बाद रविवार को यहां रामलीला मैदान में हुयी विशाल रैली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से आए पार्टी के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

रैली में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, के सी वेणुगोपाल के साथ ही कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, कार्य समिति के सदस्य, प्रभारी महासचिव, विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष और विधायक दलों के नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद थे।

रैली को खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों और अन्य प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया। पार्टी ने वोट चोरी को लोकतंत्र के खिलाफ एक अपराध बताया और यह भी कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर ईमानदारी से चुनाव नहीं करा रहा है और अगर वह पारदर्शी तरीके से काम करे तो भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है।

गांधी और वाड्रा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इस समय सत्य और असत्य के बीच लड़ाई हो रही है। कांग्रेस सच्चाई के रास्ते पर है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) असत्य की राह पर चलकर सिर्फ चुनाव जीतने की साजिश कर रहे हैं।

उन्होंने तीनों चुनाव आयुक्तों पर निशाना साधा और तीनों के नाम लेकर कहा कि वे मिलकर सरकार की मदद कर रहे हैं। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आएगी तो कानून बनाएगी और भाजपा को सरकार बनाने में वोट चोरी करवाकर मदद करने वाले इन तीनों चुनाव आयुक्तों को साजिश रचने की सजा देगी। उनका कहना था कि चुनाव आयोग को सत्य के लिए लड़ना चाहिए, सही काम करना चाहिए और जो सच है उसे ही महत्व देना चाहिए लेकिन वह सत्य की राह पर नहीं चलकर पक्षपात कर रहे हैं और भाजपा को जिताने की साजिश रचते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झूठ के कारण इनका आत्मविश्वास डगमगा रहा है क्योंकि वे समझ गए हैं कि उनकी वोट चोरी की साजिश पकड़ी गई है। पूरे देश को इस सच का पता लगने वाला है इसलिए दोनों घबराए हुए हैं और उनका आत्मविश्वास खत्म हो रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा की सरकार वोट चोरी से बनी है और असत्य की नींव पर टिकी इस सरकार की असलियत अब उजागर हो गयी है इसलिए देश को गुमराह करने वाली सरकार को सत्ता से बाहर करना जरूरी हो गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र में 24 प्रतिशत नाम हटेंगे

कोलकाता, 14 दिसंबर। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत नामांकन पूरा होने के मात्र 24 घंटे बाद मतदाता सूची से हटाए जाने वाले मतदाताओं का विधानसभावार विस्तृत विवरण जारी किया।

आंकड़ों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र,

- चुनाव आयोग द्वारा विधानसभा वार जारी विस्तृत विवरण में यह जानकारी सामने आई है

भवानीपुर में मतदाताओं का पाँचवाँ हिस्सा हटाए जाने के लिए चिह्नित किया गया है, जबकि उत्तरी कोलकाता का चौरंगी निर्वाचन क्षेत्र पूरे पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है।

आंकड़ों के के अनुसार, भवानीपुर में कुल 2,06,295 पंजीकृत मतदाता थे। इनमें से 44,787 मतदाताओं (21.71 प्रतिशत) को हटाए जाने के लिए चिह्नित किया गया है।

मुख्यमंत्री के क्षेत्र में हटाए जाने वाले मतदाताओं में सबसे बड़ी संख्या अनट्रेसेबल श्रेणी (19,471) में है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सैंकड़ों लोग इंडिगो पर मुकदमा करने की तैयारी में

## इंडिगो संकट से प्रभावित 829 यात्रियों का एक समूह मुआवज़े की मांग कर रहा है

- विमान विशेषज्ञ संजय लाजर ने कहा कि जिन यात्रियों की उड़ानें रद्द हुईं, जो हवाई अड्डे पर फंसे रहे या किसी भी तरह की अव्यवस्था से प्रभावित हुए, वे इस समूह से जुड़ सकते हैं।

नई दिल्ली, 14 दिसम्बर। इंडिगो एयरलाइंस इन दिनों देश में प्रमुख तौर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। इंडिगो एयरलाइंस से जुड़े हालिया संकट के बाद भले ही कंपनी की स्थिति अब सामान्य हो गई हो, लेकिन इससे प्रभावित यात्रियों की परेशानियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। बताया जा रहा है कि अब सैकड़ों लोग एक साथ एयरलाइंस के खिलाफ क्लाश एक्शन, यानी मुकदमा करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बात का दावा विमानन विशेषज्ञ संजय लाजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से किया है।

लाजर ने पोस्ट में बताया कि बड़ी संख्या में यात्री अब भी मदद के लिए उनसे संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि यह जानकारी वह जनहित में साझा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंडिगो संकट से प्रभावित 829 यात्रियों का एक समूह बन चुका है, जो अब मुआवज़े की मांग को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रहा है।

अपनी पोस्ट में विमान विशेषज्ञ संजय लाजर ने कहा कि, जिन यात्रियों की उड़ानें रद्द हुईं, जो हवाई अड्डों पर फंसे रहे या किसी भी तरह से इस अव्यवस्था से प्रभावित हुए, वे इस समूह से जुड़ सकते हैं।

लाजर ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रुप में जुड़ने के लिए यात्रियों को एक ईमेल भेजना होगा या दिए गए गूगल फॉर्म को भरना होगा, ताकि वे सामूहिक रूप से कानूनी कार्रवाई कर सकें।

## केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी यूपी भाजपा अध्यक्ष बने

लखनऊ, 14 दिसम्बर। महराजगंज से सांसद व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। उनके नाम की घोषणा रविवार को औपचारिक तौर पर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की। शंख ध्वनि के

- उत्तर प्रदेश के प्रभारी पीयूष गोयल ने रविवार को औपचारिक घोषणा की।

बीच नाम का एलान होते ही डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नए अध्यक्ष को भाजपा का झण्डा सौंपा।

दरअसल अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी ही एकमात्र उम्मीदवार थे, इसलिए नामांकन के दिन ही उनके चुने जाने की तस्वीर साफ हो गई थी। प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की घोषणा होने के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यों के नाम की घोषणा की। कार्यसमिति के लिए पूरे प्रदेश से 120 सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संगीता बरूआ प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की अध्यक्ष बनी

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर। वरिष्ठ पत्रकार संगीता बरुआ पिशरोटी, प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया (पीसीआई) के चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर क्लब की पहली महिला अध्यक्ष बन गयीं।

पिशरोटी की टीम के सभी उम्मीदवारों ने पदाधिकारी और प्रबंध

- प्रेस क्लब के इतिहास में पहली बार कोई महिला अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं।

समिति के पदों पर जीत हासिल की। उनकी टीम ने 13 दिसंबर को हुए चुनावों के एक दिन बाद हुई मतगणना में 21-0 से चुनाव अपने नाम किया। पिशरोटी को जहां 1,019 वोट मिले, वहीं उनके प्रतिद्वंदी अतुल मिश्रा और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली में प्रदूषण और बढ़ा, ग्रैप-4 लागू

## रविवार को सुबह एक्यूआई 460 दर्ज किया गया, जो बेहद खतरनाक स्थिति दर्शाता है

- 450 के ऊपर का एक्यू अति गंभीर श्रेणी में आता है। इस स्थिति में बच्चों, बुजुर्गों तथा सांस या दिल की बीमारी वाले लोगों के लिए गंभीर जोखिम उत्पन्न करता है।

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगभग 460 दर्ज किया गया। यह वायु प्रदूषण की बेहद खतरनाक स्थिति का संकेत देता है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शनिवार को हवा को और प्रदूषित होने से रोकने के लिए ग्रैप-(श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना)-4 लागू कर दी थी।

गौरतलब है कि आयोग ने शनिवार को पहले ग्रैप-3 लागू किया था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ ने पर दिल्ली शहर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप-4 लगा दिया। वाहनों और धूल प्रदूषण (जो ज़्यादातर निर्माण कार्य के कारण होता है) को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता की बिगड़ती स्थिति के लिए मुख्य कारण माना जा रहा है। ग्रैप-4 के प्रतिबंधों में निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर रोक, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी, और बाहरी गतिविधियों को कम करने की सलाह के साथ-साथ हाइब्रिड या ऑनलाइन स्कूलिंग की सिफारिशें शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि 450 से ऊपर का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में आता है, जो आम लोगों और खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस या दिल की बीमारियों वाले लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# कंटेनर में छिपाकर ले जाया जा रहा डेढ़ करोड़ का डोडा-चूरा जब्त, एक गिरफ्तार

## पुलिस ने 12 क्विंटल 68 किलोग्राम अफीम डोडा-चूरा जब्त किया

**कोटा,** (निसं)। अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये शहर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन गरूड़ व्यूह के तहत शहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शहर की अनंतपुरा पुलिस टीम ने हाईटेक तरीके से की जा रही अवैध मादक पदार्थ तस्करी का पर्दाफाश करते हुए नकली जनरेटर के भीतर छिपाकर ले जाया जा रहा करीब डेढ़ करोड़ रूपये अंतरराष्ट्रीय कीमत का 12 क्विंटल 68 किलोग्राम अफीम डोड-चूरा जब्त किया है। वहीं पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया।



**कोटा में अनंतपुरा पुलिस टीम ने डोडा-चूरा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।**

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा की कार्यवाही डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल के मार्गनिर्देशन में की गई। शहर एसपी ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक मिनी ट्रक में इलेक्ट्रिक जनरेटरनुमा कंटेनर में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा भरकर दीनदयाल नगर के कोने से ट्रांसपोर्ट नगर रोड़ पर लाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि सूचना को गंभीरता से लेते हुए शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी व पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में अनंतपुरा थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और मिनी ट्रक को घेर लिया। पुलिस टीम ने मिनी ट्रक की तलाशी ली तो तलाशी के दौरान जनरेटरनुमा कंटेनर में छुपाया हुआ 64 कट्टो से भरा अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया गया। जिसका कुल वजन 12 क्विंटल 68 किलोग्राम निकला। पकड़े गये अवैध मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब डेढ़ करोड़ रूपये है। शहर एसपी ने बताया कि मौके पर कार्यवाही करते हुए सुतला थाना प्रतापनगर जिला जोधपुर निवासी जसराम चौधरी (30) साल को गिरफ्तार किया है।

- **तलाशी के दौरान जनरेटरनुमा कंटेनर में छुपाया हुआ 64 कट्टों से भरा अवैध मादक पदार्थ डोडा- चूरा बरामद किया गया**

**नकदी लूट के दो आरोपी गिरफ्तार :** कोटा में कुन्हाड़ी पुलिस टीम ने मजदूर से मारपीट कर नकदी लूट के दर्ज मामले में विजय वाल्मिकी एवं सुजल को गिरफ्तार किया, मामले में एक आरोपी विशाल की तलाश जारी है। थानाधिकारी मांगेलाल यादव ने बताया कि 1 दिसम्बर को फरियादी ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि 30 नवम्बर को काम करके घर जा रहा था, रास्ते में शराब के ठेके पर मिलने वाला मिला उसके पास बैठ गया। रिपोर्ट में कहा कि उसी समय विजय मिला जिसने 500 रूपये मांगे नहीं देने पर उसने मारपीट की और जब वह वहां से जाने लगा तो दो अन्य ने रोककर मारपीट कर उसकी जेब से 4800 रूपये ले गये।

# चिड़ावा इलाके में रात के अंधेरे में पूर्व सैनिक के मकान को जेसीबी से तोड़ा

## आरोप है कि करीब 100 लोगों ने तीन जेसीबी और कई वाहनों से तोड़फोड़ की



**चिड़ावा के निजामपुरा तन ओजटू गांव में अज्ञात लोगों ने पूर्व सैनिक के मकान को ध्वस्त कर दिया।**

**चिड़ावा,** (निसं)। थाना क्षेत्र के निजामपुरा तन ओजटू गांव में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दहशत का माहौल बन गया। अज्ञात लोगों ने भारी मशीनरी के साथ एक पूर्व सैनिक के मकान पर धावा बोलते हुए न केवल मकान को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया, बल्कि नकदी व जेवरात चोरी कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने इस संबंध में चिड़ावा थाने में रिपोर्ट देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

- **अज्ञात लोगों ने दम्पती के नकदी व जेवरात चोरी कर जान से मारने की धमकी भी दी**
- **ग्रामीणों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है, मामला दर्ज**

परिवादी मूलचंद सैनी ने चिड़ावा थाने में रिपोर्ट दी कि वह अपने परिवार के साथ ग्राम निजामपुरा तन ओजटू में मदरलैंड स्कूल के सामने स्थित अपनी भूमि पर बने मकान में रह रहे हैं। रात करीब दो बजे अचानक तीन जेसीबी, चार ट्रेक्टर और 15-20 वाहनों में सवार करीब सौ लोग उनके मकान पर पहुंचे। शोर सुनकर जब मूलचंद बाहर निकले तो आरोपियों ने उन्हें मकान खाली करने या जान से हाथ धोने की धमकी दी। इसी दौरान उनकी पत्नी भी बाहर आई, जिस पर आरोपियों ने पिस्टल, देशी कट्टे, कुल्हाड़ी, बरछी और लोहे की रॉड़ लहराते हुए दोनों को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बदमाशों ने दंपती को जबरन बाहर निकालकर जेसीबी चालकों को मकान गिराने के निर्देश दिए। तीनों जेसीबी से मकान की बाड़ तोड़कर अंदर घुसकर चार कमरे, लेट-बाथरूम को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने घर में रखी पानी की मोटर, टीन, पेटी में रखे करीब डेढ़ लाख रुपए नकद, महिला के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर लिया और शेष घरेलू सामान को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी वाहन लेकर फरार हो गए, हालांकि एक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर भागे। ग्रामीणों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। पीड़ित का आरोप है कि इस घटना के पीछे जमीन पर अवैध कब्जे की नियत है। उन्होंने ग्राम पिलानी निवासी मोहनलाल स्वामी, सुनिल कुमार पुत्र महावीर नाई निवासी सेजा की ढाणी अजाड़ी कलां तथा राजकुमार महला निवासी झुंझुनूं पर साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की पहचान व भूमिका की जांच की जा रही है।

# झुंझुनूं में एटीएम लूटने वाली गैंग पकड़ी, तीन गिरफ्तार

**नवलगढ़,** (निसं)। झुंझुनूं पुलिस ने देश के चार राज्यों में एटीएम लूट की वारदात करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। झुंझुनूं में इस गैंग ने दो एटीएम लूटने के असफल प्रयास किए थे, लेकिन पुलिस ने 500 किलोमीटर तक बदमाशों का पीछा कर तीन आरोपियों को धर दबोचा है, जिनसे कई चौंकाने वाले खुलासे होने के साथ-साथ ना केवल राजस्थान, बल्कि आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब राज्यों में हुई आधा दर्जन से अधिक एटीएम लूट की वारदातों का भी खुलासा हुआ है। हरियाणा के मेवात इलाके पलवल और नूंह जिलों के रहने वाले ये तीन बदमाश शातिर एटीएम लुटेरे हैं, जिन्हें एक एटीएम लूटने में सिर्फ पांच मिनट लगते हैं। शातिर इतने ही है कि गैंग का हर एक सदस्य एक प्रोफेशनल की तरह काम करता है। तभी जिस पांच मिनट में एटीएम से कैसे नगदी को पार करना है, इन्हें अच्छी तरह आता हैं, लेकिन अब यह पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

- **चार राज्यों में एटीएम लूट का खुलासा, पुलिस ने 500 किमी तक पीछा कर बदमाशों को पकड़ा**



**झुंझुनूं पुलिस ने एटीएम लूट की वारदात करने वाली गैंग पकड़ी।**

झुंझुनूं एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने नवलगढ़ में ठीक एक महीने 15 नवंबर की अल सुबह एटीएम लूट के दो असफल प्रयास करने के मामले का खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि नवलगढ़ में इन बदमाशों ने पोद्दार कॉलेज तथा रोडवेज डिपो के सामने स्थित एसबीआई की दो एटीएम को लूटने का प्रयास किया, लेकिन जगह गार्ड की सतर्कता और दूसरी जगह पुलिस की चुस्ती के कारण दोनों ही एटीएम में रखे 54 लाख रूपए बच गए।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए झुंझुनूं पुलिस की नवलगढ़ टीम के अलावा डीएसटी, सायबर सैल ने काफी मेहनत की। एक टीम तो आरोपियों के गांव तक करीब 500 किलोमीटर दूरी तक 700 से अधिक कैमरों को ही खंगालती रही। वहीं एटीएम लूट के मामलों में पूर्व में पकड़े गए 50 से अधिक बदमाशों की हिस्ट्री को खंगाला। साथ ही साथ सीकर समेत अन्य क्षेत्रों में हुई एटीएम चोरी के उपलब्ध सीसीटीवी कैमरों को भी बारीकी से देखा। जिसके बाद पुलिस ने तीन आरोपियों हरियाणा के मेवात इलाके से दबोचा। इनमें हरियाणा के नूहं जिले के तावडू सदर थाना इलाके के शिकारपुर निवासी शाकिर पुत्र बिरजू मेव, पलवल जिले के बहीन थाना इलाके के आलीमेव गांव के रहने वाले दो बदमाश तसलीम पुत्र जुहूर मोहम्मद नाई मेव तथा इसी गांव के रोबिन पुत्र ईसब उर्फ चौड़ा मेव को गिरफ्तार किया। गैंग का मुख्य आरोपी और अन्य सहयोगी की अभी तलाश है। इस गैंग का मुख्य आरोपी गैस कटर से एटीएम काटने का मास्टर है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे जिस भी एटीएम को निशाना बनाते हैं, वहां पर हफ्तेभर पहले रैकी कर एटीएम, कैमरे और भागने के रास्ते देख लेते हैं। नवलगढ़ के दोनों एटीएम की रैकी भी उन्होंने हफ्तेभर पहले की थी।

**चार राज्यों की वारदातें आई सामने :**-हर वारदात में गैंग के चार से पांच सदस्य होते हैं। नवलगढ़ की वारदात में भी पांच सदस्य थे। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में ना केवल नवलगढ़ की दो असफल वारदात, बल्कि चार महीने पहले सीकर जिले में एक, आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र में तीन-तीन तथा पंजाब के फिरोजपुर में एक वारदात करना कबूल लिया है। वहीं झुंझुनूं पुलिस ने भी देश के सभी राज्यों की पुलिस को इन आरोपियों की जानकारी भेजी है।

# डीग में घने कोहरे से दो कारें टकराई, तीन जने घायल

**भरतपुर,** (निसं)। डीग जिले में रविवार सुबह घने कोहरे के चलते डीग-कामा रोड पर दिदावली गांव के पास दो कारों में आमने-सामने की टक्कर में एक कार में सवार दो महिलाओं और एक युवक सहित तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार भरतपुर निवासी महेश खंडेलवाल (65), परिता खंडेलवाल (47) और विमला देवी स्विफ्ट कार में सवार होकर भरतपुर से जुरहरा में एक गमी में जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियां मौके पर ही बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चलने की स्थिति में नहीं थी, जबकि अर्टिगा कार में सवार लोग घटना के बाद मौके से फरार हो गए। हादसे की शिकार गाड़ी के ड्राइवर अमित को भी मामूली चोटें आई हैं जिनका इलाज डीग अस्पताल में जारी है, जहां से उन्हें भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया अब उनका इलाज राजेन्द्र नगर में संचालित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। डीग कोतवाली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात की जानकारी ली।

# न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने नेशनल डिजिटल पॉलिसी की जरूरत बताई

**जैसलमेर,** (निसं)। देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत शर्मा ने नेशनल ज्यूडिशियल अकादमी की जैसलमेर में दो दिवसीय वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने काम को आसान और तेज किया है, लेकिन जो लोग इससे अपरिचित है, उन वादियों को किसी भी प्रकार से वंचित नहीं रखा जाए। न्यायमूर्ति ने कहा कि न्याय प्रणाली में डिजिटल डिवाइड केवल तकनीक तक पहुंच और गैर पहुंच का सवाल नहीं है, बल्कि यह सहायता प्राप्त और बिना सहायता वाले तकनीकी उपयोगकर्ताओं के बीच अधिक गंभीर रूप में सामने आता है। उन्होंने ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट के तीसरे चरण का जिक्र किया, जिसमें पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत कोर्ट, ई-फाइलिंग, ऑनलाइन और हाइब्रिड (ऑनलाइन और सामने से) सुनवाई और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड के ज़रिए डेटाआधारित शासन की सोच रखी गई है।

- **नेशनल ज्यूडिशियल अकादमी की जैसलमेर में दो दिवसीय वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस आयोजित**

उन्होंने कहा कि पूरे देश में बिना रुकावट और सबको साथ लेकर न्याय दिलाने के लिए अच्छे कर्मचारियों वाले ई-सेवा केंद्र, सुहास जैसे आसान टूल, मोबाइल से पहुंच और एक राष्ट्रीय डिजिटल नीति की सख्त जरूरत है।

इस दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने एआई पर आंख बंद करके भरोसा न करने की चेतावनी दी। वहीं जस्टिस जे.के. माहेश्वरी ने डेटा सुरक्षा और एआई पर कहा कि टेक्नोलॉजी को जजों की मदद करनी चाहिए, न कि इंसान के फैसले या संवेदनशीलता की जगह लेनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई ने भी न्यायमूर्ति सूर्यकांत शर्मा के विचारों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के इस दौर में इन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि संविधान में सबको डिजिटल तरीके से शामिल करने की बात का ध्यान रखा जाना चाहिए। गांव और कमजोर लोगों को टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने में मदद करनी चाहिए। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले सिस्टम में इंसानों की निगरानी जरूरी है। इसके अलावा जजों और स्टाफ की ट्रेनिंग बढ़ाना और टेक्नोलॉजी आखिरी आदमी तक पहुंचे, इसका भी ध्यान रखना चाहिए।

दूसरे सेशन में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया से न्याय में आने वाली मुश्किलों पर बात हुई। जस्टिस ए.एस. चांदुरकर ने सनसनीखेज खबरों, गलत जानकारी और बढ़ते "मीडिया ट्रायल" के खतरों के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि संविधान में मिली बोलने की आज़ादी और उस पर लगाए गए सही प्रतिबंधों में संतुलन बनाना होगा। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने एआई पर आंख बंद करके भरोसा न करने की चेतावनी दी। वहीं, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने गोपनीयता, सही जानकारी पर आधारित लोगों की चर्चा और रचनात्मक आलोचना पर जजों के खुलेपन के महत्व पर ज़ोर दिया।

तीसरा सेशन आपसी सुलह से विवाद निपटाना और ऑनलाइन सुलह में टेक्नोलॉजी की भूमिका पर केंद्रित था। डॉ. जस्टिस पुष्पेन्द्रसिंह भाटी ने कहा कि ऑनलाइन सुलह में पेंडिंग मामलों को निपटाने और काम को तेज़ करने की बड़ी क्षमता है। हालांकि उन्होंने एआई की मदद से होने वाले कामों में भी इंसानी निगरानी की ज़रूरत बताई। जस्टिस पंकज मित्तल ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत न्याय मिलना केवल कोर्ट तक पहुंचने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह न्याय को महसूस करने का अनुभव है। उन्होंने कहा कि आपसी सुलह से विवाद सुलझाने को बढ़ावा मिलना चाहिए, क्योंकि यह विवाद सुलझाने का एक अच्छा और मानवीय तरीका है।

जस्टिस जे.के. माहेश्वरी ने डेटा सुरक्षा और एआई से जुड़े क़ानूनी ढांचे पर बात की। उन्होंने साफ़ कहा कि टेक्नोलॉजी को जजों की मदद करनी चाहिए, न कि इंसान के फैसले या संवेदनशीलता की जगह लेनी चाहिए। कॉन्फ्रेंस में राजस्थान हाईकोर्ट ने कई नई डिजिटल इनिशिएटिव शुरू किए। इन सेवाओं का मकसद नागरिकों को बेहतर सेवा देना, काम में पारदर्शिता लाना और न्याय तेज़ी से दिलाना है। इनका उद्देश्य कोर्ट तक सभी की पहुंच आसान बनाना, नियमों की रुकावटें हटाने और लोगों का भरोसा बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना प्रमुख रहा।

# चाकूबाजी की वारदात का खुलासा

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने इलाके में हुई चाकूबाजी वारदात का खुलासा करते हुए चाकूबाजी की वारदात में फरार पांच-पांच हजार के इनामी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में सामने आया कि परिवादी जुबेर अहमद व आरोपी दानिश के बीच कपड़े खरीदने की बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिस पर आरोपी दानिश ने अपने साथी भुवनेश राज के साथ मिलकर जुबेर अहमद पर चाकू से जानलेवा हमला कर वारदात को अंजाम दिया था।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 12 दिसम्बर को फरियादी जुबेर अहमद ने थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि दानिश, भुवनेश, राज आर्य उसकी दुकान पर कपड़े लेने आये और अचानक किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, शहर एसपी ने कहा कि फरार आरोपियों पर 5-5 हजार के इनाम घोषित किया गया। मुखबीर से सूचना मिली कि चाकूबाजी के हमलावर 80 फीट रोड़ स्टील ब्रिज के नीचे छिपे हुए है, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चाकूबाजी के हमलावरो को डिटेन किया। पुलिस टीम ने फरार चल रहे राज आर्य, भुवनेश कुमार एवं दानिश को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियो से अनुसंधान जारी है।

# मानसिक-दिव्यांग कालूराम को पांच साल से उपचार की दरकार

## परिजनों ने कालूराम मेघवाल को पांच साल से पेड़ से बांधकर रखा हुआ है

**नोखा,** (कासं)। कालूराम मेघवाल पिछले पांच साल से पेड़ से ऐसे ही बंधा हुआ है। कालूराम मेघवाल मानसिक रूप से बीमार है। स्थिति ये है कि वह अब केवल अपनी बूढ़ी मां को पहचानता है। वह लोगों पर हमला ना कर दे, इस मजबूरी में परिजनों ने उसे पेड़ से बांधकर रखा है। हमेशा रस्सी से बंधा होने के कारण उसके पैर में घाव भी हो गए हैं। धूपालिया गांव की उत्तराधि मेघवालों की ढाणी निवासी कालूराम के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। घर में पैसा नहीं होने कारण परिवार कालूराम का उपचार कराने में भी असमर्थ है। कालूराम पिछले पांच साल से ऐसे ही रस्सी से बंधा हुआ है। अगर उसको खुला छोड़ा जाता है तो वह आक्रामक हो जाता है।

- **हमेशा रस्सी से बंधा होने के कारण कालूराम के पैर में घाव भी हो गए हैं, अगर कालूराम को खुला छोड़ा जाता है तो वह आक्रामक हो जाता है**
- **धूपालिया गांव की उत्तराधि मेघवालों की ढाणी निवासी कालूराम के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है**

कालूराम की बुजुर्ग मां गौरा देवी और पत्नी बुधी देवी ने बताया कि 5 साल पहले कालूराम बिल्कुल ठीक था। लेकिन अचानक उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद वह पागलों जैसी हरकतें करने लगा। कभी-कभी वह लोगों पर पत्थर फेंकने लगा, स्थिति रोजाना बिगड़ने लगी। जब कालूराम खुला रहता है तो वह आक्रामक हो जाता था। इसी डर से उसे खेजड़ी के पेड़ के पास बांध दिया। पास ही एक चारपाई पर पीने का पानी रखा जाता है। थक जाने पर वह कभी जमीन पर तो कभी चारपाई के पास सो जाता है। शुरुआती एक साल में कालूराम का इलाज करवाया था, लेकिन आर्थिक स्थिति ज्यादा खराब होने के कारण अब उसका कोई इलाज नहीं चल रहा है।

पड़ोसी अशोक बिश्नोई ने बताया कि कालूराम अपने शरीर पर कपड़े भी नहीं रखता और केवल बूढ़ी मां को ही पहचानता है। आसपास कोई अन्य व्यक्ति आता है तो वह आक्रामक हो जाता है। परिवार को अब तक किसी प्रकार की सरकारी सहायता या समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाई है। कालूराम के एक बेटा और एक बेटी है। दोनों पिता की यह हालत देखकर डर और दुख के माहौल में जीने को मजबूर हैं। बुजुर्ग मां अपने बेटे की दुर्दशा देखकर रोती रहती है। वहीं पत्नी मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुकी है। कालूराम का बड़ा भाई रेवतराम ईंट-भट्टे पर मजदूरी करता था। एक हादसे में पैर टूटने के बाद वह भी अपाहिज हो गया। उसके आठ बच्चे हैं। परिवार में कोई भी नियमित कमाने वाला नहीं है, जिससे हालात और भी बदतर हो गए हैं। कालूराम भी 5 साल पहले मजदूरी करता था। अब परिवार की महिलाएं खेती और मनरेगा में मजदूरी कर परिवार चलाती है। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। मानसिक संतुलन खो चुके कालूराम मेघवाल का उपचार सरकारी स्तर पर कराया जाए।

नोखा जिला अस्पताल के डॉ. एम.एल. पिलानिया ने बताया कि तनाव या नशे के कारण व्यक्ति सायकोसिस से पीड़ित हो जाता है। अगर उसका समय से इलाज नहीं हो तो मरीज मनोरोगी हो जाता है। इस बीमारी का इलाज है, बहुत से ऐसे मरीजों का इलाज कर इन जंजीरों से मुक्त कराया गया है।

# झुंझुनूं : हिस्ट्रीशीटर सुनील सुण्डा हत्याकांड में दो हिस्ट्रीशीटर सहित तीन गुर्गे गिरफ्तार

**झुंझुनूं/जयपुर।** झुंझुनूं और सीकर के बीच सीमा पर हुई दो कुख्यात गैंगों (रविन्द्र कटेवा 0056 और श्रवण भादवासी 1657) की भिड़ंत के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस गैंगवार में रविन्द्र कटेवा गैंग के सक्रिय सदस्य सुनील सुण्डा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, एक खाली कारतूस और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को जब्त किया है।



**पुलिस ने गैंगवार के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

- **झुंझुनूं और सीकर के बीच सीमा पर हुई दो कुख्यात गैंगों (रविन्द्र कटेवा 0056 और श्रवण भादवासी 1657) में भिड़ंत हो गई थी**
- **भिड़ंत में हमलावर गैंग का मुखिया गोलू स्वामी भी मारा गया था, जिसे 50 लाख की सुपारी मिली थी**


आईजी जयपुर रेंज एचजीआर सुहास ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि यह गैंगवार मुख्य रूप से भादवासी, सीकर में स्थित जमीनी विवाद और पुरानी रंजिश का नतीजा था। श्रवण भादवासी गैंग ने कटेवा गैंग द्वारा नवंबर 2024 में सुरेश मुवाल पर किए गए जानलेवा हमले का बदला लेने के लिए 50 लाख की सुपारी दी थी। सुपारी लेकर थाना रानोली के हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ गोलू स्वामी और उसके साथी स्विफ्ट डिजायर कार में आए थे, जिन्होंने रविंद्र कटेवा के घर के सामने फायरिंग की, जिसमें सुनील सुण्डा मारा गया। फायरिंग के बाद रविंद्र कटेवा और उसके साथियों ने हमलावरों का पीछा किया। खेत में हुई जवाबी भिड़ंत में हमलावर गैंग का सदस्य और 50 लाख की सुपारी लेने वाला मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर कृष्णकान्त उर्फ गोलू स्वामी भी मारा गया।

तीन मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार :-पुलिस ने घटना में शामिल श्रवण भादवासी गैंग के तीन सक्रिय सदस्यों पिंटू भीचरी उर्फ शूटर (25) निवासी बलारा और हिस्ट्रीशीटर राजू सिंह उर्फ राजू अठवास (25) निवासी फतेहपुर सदर को घटनास्थल से और फरार तीसरे मुल्जिम नंदु सिंह उर्फ फौजी (28) निवासी दादिया को भी सीकर पुलिस के सहयोग से दस्तयाब किया गया।

गोठड़ा क्षेत्र में हुई भीषण गैंगवार के दूसरे पहलू पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रविन्द्र कटेवा (0056) गैंग के मुखिया सहित चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई श्रवण भादवासी गैंग (1657) के सदस्य और हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ गोलू स्वामी की हत्या के संबंध में की गई है। आईजी सुहास के निर्देश पर एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के सुपरविजन में गठित टीमों ने कार्रवाई की। पुलिस ने रविन्द्र कटेवा गैंग के चार मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिसमें खुद सरगना हिस्ट्रीशीटर रविन्द्र कटेवा (26) और उसके साथी विकास बटार (26) व संदीप गिल (31) निवासी गोठड़ा जिला झुंझुनू और पंकज रूलानिया (29) निवासी दादिया जिला सीकर शामिल है। पुलिस ने संगठित अपराध पर आर्थिक प्रहार करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से और घटना में प्रयुक्त 8 महंगी गाड़ियां जब्त की गई हैं, जिनमें तीन थार, तीन कैम्पर, एक फॉर्च्यूनर और एक ब्रेजा शामिल हैं।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नए प्रावधानों के तहत गैंग के सदस्यों की अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों और वाहनों को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही दोनों प्रकरणों में प्रकरण में फरार चल रहे नामजद आरोपियों अनिल, शुभकरण बाजिया, हिस्ट्रीशीटर अरविन्द, राहुल सैनी, हिस्ट्रीशीटर मनोज महला, श्रवण भादवासी, राजपाल भादवासी, सुरेश मुहाल आदि की गिरफ्तारी के लिए 50-50 हजार रुपये के इनाम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईजी सुहास ने बताया कि दोनों गैंगों के खिलाफ हत्या, फायरिंग और भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। संगठित अपराधों से जुड़े हुए गैंगस्टर एवं गैंग के अन्य सदस्यों के खिलाफ आगे भी कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी।

# खेल जगत



मैंने संन्यास ले लिया है। करीब दो दशक तक रेसलिंग रिंग में राज करने वाले जॉन को आखिरी मुकाबले में पराजय का सामना करना पड़ा। - जॉन सीना

अमेरिकी रेसलर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए।

**आज का खिलाड़ी**

### कैमरन ग्रीन



**ऑस्ट्रेलियाई** ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने मंगलवार को होने वाली नीलामी में स्वयं को ऑलराउंडर की जगह बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किए जाने को अपने मैनेजर की 'त्रुटि' बताते हुए कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गेंदबाी के लिए उपलब्ध रहेंगे। ठाीन ने दो करोड़ रूपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी में नाम दर्ज कराया है और बल्लेबाज के रूप में पंजीकरण कराने के कारण वह नीलामी में आने वाले पहले छह खिलाड़ियों में शामिल होंगे। ग्रीन ने बताया कि उनके मैनेजर ने पंजीकरण फॉर्म भरते समय 'त्रुटि से गलत बॉक्स चुन लिया' था।

**क्या आप जानते हैं ?...** दोनों टीमों के बीच अब तक 31 बार टक्कर देखने को मिली है। इस दौरान भारतीय टीम ने 18 बार बाजी मारी है। वहीं प्रोटियाज टीम को 12 जीत से संतोष करना पड़ा है। 1 मुकाबले का कोई नतीजा नहीं निकला है।

## यशस्वी जायसवाल का शतक, मुंबई ने हरियाणा को चार विकेट से हराया

अंबी, 14 दिसंबर। यशस्वी जायसवाल (101) और सरफराज खान (64) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत मुम्बई ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ग्रुप ए मुकाबले में हरियाणा को 15 गेंदे शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। आज यहां मुम्बई ने टॉस जीतकर कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 234 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अर्श राणा और कप्तान अंकित कुमार की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए हरियाणा के लिए पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। सातवें ओवर में साईराज पाटिल ने अर्श राणा (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये निशांत सिंधु ने अंकित कुमार के साथ दूसरे विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर में साईराज पाटिल ने शतक बनाने की ओर अग्रसर अंकित कुमार को अपना शिकार बना लिया। अंकित कुमार ने 42 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के उड़ाते हुए 89 रनों की पारी खेली। 19वें ओवर में सामंत जाखड़ (31) रिटायर्ड आउट हुये। निशांत सिंधु ने चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 63 रन बनाये। सुमित कुमार चार चौके लगाकर 16 रन पर नाबाद रहे।

## हेमंत रेड्डी का नाबाद शतक, आंध्र ने पंजाब को पांच विकेट से हराया

पुणे 14 दिसंबर। हेमंत रेड्डी (नाबाद 109) और एसडीएनवी प्रसाद (नाबाद 53) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर आंध्र प्रदेश ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप मुकाबले में पंजाब को एक गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां टॉस जीतकर आंध्रप्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान प्रभसिमरन सिंह 16 गेंदों में (20), हरनूर सिंह 30 गेंदों में (42), अनमोलप्रीत सिंह 27 गेंदों में (47), और रमनदीप सिंह 18 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों का योगदान दिया। सलील अरोड़ा ने 22 गेंदों में पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद 42 रनों की पारी खेली। आंध्रप्रदेश की ओर से नीतीश कुमार रेड्डी, सत्यनारायण राजू, सौरभ कुमार और पृथ्वी राज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आंध्रप्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही और अंतराल पर 56 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। इस दौरान हेमंत रेड्डी एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। ऐसे संकट के समय में एसडीएनवी प्रसाद ने हेमंत रेड्डी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच मैच विजयी 155 रनों की साझेदारी हुई। हेमंत रेड्डी ने 53 गेंदों में सात छक्के और 11 चौकों की मदद से 109 रनों की नाबाद पारी खेली। एसडीएनवी प्रसाद 35 गेंदों में चार छक्के और दो चौके लगाते हुए 53 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब के लिए गुरनूर बरार ने तीन विकेट लिये। आयुष गोयल और हरप्रीत बराड़ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत ने द. अफ्रीका को 7 विकेट से हराया

## सीरीज में भारत की 2-1 से बढ़त




धर्मशाला, 14 दिसंबर। अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और हर्षित राणा (दो-दो) के बाद अभिषेक शर्मा (35) और शुभमन गिल (28 ) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 25 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है।

दक्षिण अफ्रीका के 117 रन के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की जोडी ने पहले विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी की। छठे ओवर में कॉर्बिन बॉश ने अभिषेक शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 35 रनों की पारी खेली। 12वें ओवर में मार्की यानसन ने शुभमन गिल (28) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया।

तीसरे विकेट के रूप में कप्तान सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुये। शिवम दुबे ने 16वें ओवर की चौथी गेंद पर छक्का और पांचवीं गेंद पर चौका लाकर भारत को जीत सात विकेट से जीत दिला दी। तिलक वर्मा ने 34 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए नाबाद 26 रनों की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे ने चार गेंदों में नाबाद 10 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एन्गिडी, कॉर्बिन बॉश और मार्को यानसन एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले भारत ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहर खराब रही और उसने मात्र सात रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। रीजा हेंड्रिक्स (शून्य) क्विंटन डी कॉक (एक) डेवाल्ड ब्रेविस (दो) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान एडन मारक्रम ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 46 गेंदों में छह चौकेऔर दो छक्के उड़ाते हुए सर्वाधिक 61 रनों की पारी खेली।

इसके अलावा डॉनोवन फरेरा (20) और अनरिख़ नॉर्खिये ने (12) रनों का योगदान दिया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के आठ बल्लेबाज दहाई आंकडे तक भी नहीं पहुंच पाये। कुलदीप यादव ने आखिरी ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने ऑटनील बार्टमैन (एक) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका की पारी 117 के स्कोर पर अंत किया। भारत के लिए अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिये। शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय अंडर-19 टीम ने पाकिस्तान को 90 रनों से हराया

दुबई 14 दिसंबर। ऐरन जॉर्ज (85), कनिष्क चौहान (46 रन और तीन विकेट) और दीपेश देवेंद्रन (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने रविवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप ए पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान को 90 रनों से करारी शिकस्त दी।



भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करे हुए पाकिस्तान की पूरी टीम को 41.2 ओवर में 150 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला जीत लिया। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये। समीर मिन्हास (नौ), अली हसन बलोच (शून्य) और अहमद हुसैन (चार) को दीपेश देवेंद्रन ने अपना शिकार बनाया। 14वें ओवर की पहली गेंद पर कनिष्क चौहान ने उस्मान खान (16) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। ऐसे संकट के समय कप्तान फरहान यूसफ और हुजैफा एहसान की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी हुई।

भारतीय कप्तानआयुष म्हात्रे ने वैभव सूर्यवंशी को थमाई और उन्होंने 24वें ओवर की आखिरी गेंद पर फरहान यूसफ (23) का शिकार कर भारत की एक बार फिर से मैच में वापसी करा दी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान चार जल्द ही झटक लिये। 42वां ओवर करने आये किशन सिंह ने अली रजा छह को आउटकर पाकिस्तान को 150 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला 90 रनों से अपने नाम कर लिया। हुजैफा एहसान ने 83 गेंदों में 70 रनों की पारी खेली। उन्हें 39वें ओवर में कनिष्क चौहान ने आउट किया।

भारत के लिए दीपेश देवेंद्रन ने सात ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिये। कनिष्क चौहान ने 10 ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट झटके। किशन सिंह को दो विकेट मिले। खिलन पटेल और वैभव सूर्यवंशी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।


## अनाहत ने इतिहास रचा, भारत ने हांगकांग को हराकर जीता स्क्वैश वर्ल्ड कप पहला खिताब



चेन्नई, 14 दिसंबर। अनाहत सिंह ने ऐतिहासिक प्रदर्शन के दम पर भारत ने फाइनल में हांगकांग को हराकर स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 का अपना पहला खिताब जीता। इसी के साथ भारत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्त्र के बाद स्क्वैश विश्व कप जीतने वाला चौथा देश बन गया है। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश टीम ने खिताब तक पहुंचने के रास्ते में एक भी मैच नहीं हारा। ग्रुप स्टेज के मैचों में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को 4-0 के समान अंतर से हराने के बाद, भारत ने क्वार्टर और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के विजेता मिस्त्र को 3-0 से हराकर मिक्स्ड-टीम स्क्वैश इवेंट में खिताब के लिए मुकाबला पक्का किया। आज यहां पीएसए रैंकिंग में 79वें स्थान पर मौजूद अनुभवी जोशना चिनप्पा ने भारत को शानदार शुरुआत दी, जब उन्होंने शुरुआती महिला एकल मुकाबले में दुनिया की नंबर 37 ली का यी को 3-1 (7-3, 2-7, 7-5, 7-1) से हराया।

### मेसी के मुंबई दौरे से हाई-अलर्ट

## कोलकाता की घटना के बाद वानखेड़े में अभूतपूर्व सुरक्षा



मुंबई, 14 दिसंबर। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी के रविवार को होने वाले मुंबई दौरे से पहले शहर को कड़ी सुरक्षा घेरे में रखा गया है। यह कदम उनकी गोट इंडिया टूर 2025 के कोलकाता चरण के दौरान हुई अराजक घटनाओं के मद्देनजर उठाया गया है। मुंबई पुलिस ने इस दिग्गज फुटबाल खिलाड़ी के कार्यक्रमों से जुड़े स्थानों को को सुरक्षा देने के लिए दक्षिण मुंबई में 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह व्यवस्थाएँ विश्व कप फाइनल के लिए की गई सुरक्षा के समान हैं। भीड़ की निगरानी के लिए खास जगहों पर अस्थायी वॉचटावर लगाए गए हैं और स्टेडियम क्षेत्रों तक अनधिकृत पहुँच को रोकने के लिए व्यापक बैरिकेडिंग की गई है। सुरक्षा प्रोटोकॉल के हिस्से के रूप में, दर्शकों को स्टेडियम के अंदर पानी की बोतलें, सिक्के, धातु की वस्तुएं और बाहर का खाना ले जाने से रोक दिया गया है। पुलिस ने कहा कि नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रवेश बिंदुओं पर सघन तलाशी प्रक्रिया लागू की जाएगी। मेसी का वानखेड़े स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम है। यहां वह बॉलीवुड की और अन्य खेल हस्तियों के साथ प्रदर्शनी फुटबॉल मैच खेलेंगे। भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए, मुंबई यातायात पुलिस ने एक विस्तृत परामर्श जारी किया है। भीड़ से बचने के लिए सार्वजनिक परिवहन और स्थानीय ट्रेनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि स्टेडियम के अंदर 30,000 से अधिक और बाहर हजारों दर्शकों के जुटने की संभावना है, जिसके मद्देनजर शहर के अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए हाई अलर्ट पर हैं कि दौरा सुचारू रूप से और बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हो।

## हैदराबाद ने राजस्थान को छह विकेट से हराया

अंबी 14 दिसंबर। चामा मिलिंद और तनय त्यागराजन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तन्मय अग्रवाल (73) और राहुल बुद्धि (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर हैदरबाद ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में राजस्थान को 17 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। आज यहां राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान की शुरुआत खबरा रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद महिपाल लोमरोर और कुणाल सिंह राठौड़ ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। कुणाल सिंह राठौड़ 16 गेंदों में (27), मुकुल चौधरी 11 गेंदों में (20), कमलेश नागरकोटी (29) और अशोक शर्मा 10 रन बनाकर आउट हुये। महिपाल लोमरोर ने 35 गेंदों में चार छक्कों और एक चौके की मदद से 48 रनों की पारी खेली। कप्तान मानव सुथार पांच गेंदों में 12 रन बनाकर नाबाद रहे। हैराबाद की ओर से चामा मिलिंद और तनय त्यागराजन ने तीन-तीन विकेट लिये। मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 17.1 ओवर में चार विकेट पर 179 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। तन्मय अग्रवाल ने 41 गेंदों में चार छक्के और आठ चौके लगाते हुए 73 रनों की विस्फोटक पारी खेली। राहुल बुद्धि ने 36 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 55 रन बनाये। प्रग्नय रेड्डी (18), अमन राव ने (14) और मिकिल जायसवाल ने (नाबाद 13) रनों का योगदान दिया। राजस्थान के लिए कमलेश नागरकोटी और मानव सुथार ने दो-दो विकेट लिये।



# विधायक निधि में भ्रष्टाचार की खबरों पर मुख्यमंत्री ने दिखाया सख्त रवैया

**खींवसर, हिण्डौन और बयाना विधायक के स्थानीय क्षेत्र विकास निधि खातों को फ्रीज किया**

- **4 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति 15 दिन में जांच कर मुख्य सचिव को सौंपेगी रिपोर्ट**
- **लोकसेवक द्वारा भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायक निधि में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित खबरों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि किसी भी लोकसेवक द्वारा भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। दोषी पाए जाने पर ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह व्यक्ति कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति पूर्णतः जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। जनधन के दुरुपयोग को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सतर्कता आयुक्त (अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह) भास्कर सावंत की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित कर इस मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। समिति में शासन सचिव पंचायती राज जोगाराम, शासन सचिव वित्त (बजट) राजन विशाल को सदस्य एवं विशिष्ट शासन सचिव गृह विभाग मनीष गोयल को सदस्य सचिव बनाया गया है। यह समिति 15 दिन में जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंपेगी।

जांच प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर खींवसर, हिण्डौन एवं बयाना विधानसभा क्षेत्रों के विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमएलए-लैड) खातों को फ्रीज कर दिया गया है। अब तक अभिशंषा किए गए और स्वीकृत समस्त कार्यों का क्रियान्वयन एवं भुगतान की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकारी मुख्य सचेतक द्वारा यह प्रकरण संबंधित विधायकों के विरुद्ध जांच हेतु विधानसभा की सदाचार समिति के समक्ष रखने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को भी प्रेषित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी इस प्रकरण पर संज्ञान लिया है।

## रेवतराम डांगा को भाजपा ने दिया कारण बताओ नोटिस

- **प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने विधायक डांगा से 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा**

**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया के तहत खींवसर विधायक रेवतराम डांगा को "कारण बताओ नोटिस" जारी किया गया है। विधायक डांगा के विरूद्ध एक समाचार पत्र के पत्रकार द्वारा कथित स्टिंग ऑपरेशन के माध्यम से यह आरोप सामने आया है कि विकास कार्यों के लिए विधायक कोष से राशि स्वीकृत कराने के बदले रिश्वत स्वीकार करने की स्वीकारोक्ति की है।

यह कृत्य भारतीय जनता पार्टी के संविधान में वर्णित अनुशासन भंग की श्रेणी में आता है। राठौड़ ने बताया कि इन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए पार्टी द्वारा डांगा से तीन दिवस के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्टीकरण के आधार पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति में विश्वास रखती है तथा पार्टी अनुशासन और नैतिक मूल्यों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने दिए अनिता जाटव की जांच के निर्देश

**जयपुर** (कासं)। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने हिण्डौन से पार्टी विधायक अनिता जाटव द्वारा तथाकथित रिश्वत लेकर विधायक फंड से किसी को कार्य देने के मामले में एक्शन लिया है।

रंधावा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को पत्र लिखकर कहा है कि "मैने एक समाचार पत्र में हमारी पार्टी की विधायक अनिता जाटव द्वारा विधायक निधि में से राशि स्वीकार करने के संबंध में खबर पढ़ी।" इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच करवाकर 7 कार्य दिवस में अवगत करवाएं। ज्ञात रहे कि एक समाचार पत्र में विधायक जाटव द्वारा 50 हजार रुपए लेकर 80 लाख रु. की अनुशंसा का पत्र दिए जाने की खबरें प्रकाशित हुई थी।

## राठौड़ ने मुख्यमंत्री के तुरंत एक्शन को सराहा

- **'यदि जनप्रतिनिधि अधिकारों का दुरुपयोग करता है तो यह लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय है'**

**जयपुर** (कांस)। विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने एक समाचार पत्र द्वारा जनप्रतिनिधियों पर किए गए स्टिंग ऑपरेशन को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी जनप्रतिनिधि जनसेवा के नाम पर अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता है तो यह लोकतंत्र के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर चिंता का विषय है।

ऐसे कृत्य न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को आघात पहुँचाते हैं, बल्कि जनता के विश्वास को भी कमजोर करते हैं। राठौड़ ने इस मामले में त्वरित संज्ञान लेने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को राज्य के मुख्य सतर्कता आयुक्त (अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह) की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति से जांच के निर्देश देना सराहनीय कदम है। विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा मामले को सदाचार समिति को सौंपे जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि संस्थागत स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर : मुकेश दाधीच

**बीते दो वर्षों में बिजली-पानी, युवा-महिला सशक्तिकरण, कानून व्यवस्था, रोजगार, ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रभावी कार्य हुआ : दाधीच**

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भव्य आतिशबाजी की गई।




**भजनलाल सरकार की दूसरी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भव्य आतिशबाजी की गई। इस दौरान पार्टी कार्यालय रोशनी से जगमगाया।**

भाजपा प्रदेश कार्यालय सचिव मुकेश पारीक ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय को रोशनी से सजाया गया। प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने "नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जिंदाबाद, भजनलाल सरकार जिंदाबाद, दो साल बेमिसाल, नव उत्थान-नई पहचान" जैसे नारों के साथ सरकार की उपलब्धियों का उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने आज अपने सफल दो वर्ष पूर्ण किए हैं। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री का जन्मदिन भी है, ऐसे में प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं एवं राजस्थान की जनता की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी जाती है। दाधीच ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ है। बीते दो वर्षों में बिजली, पानी, युवा, महिला सशक्तिकरण, कानून व्यवस्था, रोजगार तथा ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रभावी कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष मुद्दाविहीन होकर अनावश्यक आरोप लगाने का प्रयास कर रहा है, जबकि सरकार की उपलब्धियां स्वयं बोल रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी पाँच वर्षों के बाद पुनः भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, विधायक गोपाल शर्मा, प्रदेश मंत्री अजीत माढण, सीताराम पोसवाल, अपूर्वा सिंह, एकता अग्रवाल, नारायण मीणा, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती, सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री ने टाइगर फेस्टिवल की प्रदर्शनी देखी

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जवाहर कला केंद्र में आयोजित जयपुर टाइगर फेस्टिवल 2025 की भव्य फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी वन्यजीव प्रेमियों, फोटोग्राफरों और आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रदर्शनी में वन्यजीव संरक्षण, विशेष रूप से बाघों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित रखने के संदेश को प्रभावशाली तस्वीरों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शित चित्र न केवल बाघों की सुंदरता और गरिमा को दर्शाते हैं, बल्कि उनके संरक्षण की आवश्यकता पर भी गहन सोच के लिए प्रेरित करते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रकृति, पर्यावरण और जैव विविधता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह प्रदर्शनी भावी पीढ़ियों के लिए वन्यजीव संरक्षण के संकल्प को और मजबूत करती है तथा समाज को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश देती है। दिया कुमारी ने पारंपरिक राजस्थानी कला मांडना भी स्वयं बनाया। उन्होंने कहा कि मांडना केवल सजावटी कला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और लोक परंपराओं का जीवंत प्रतीक है।

## भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक दिवस मनाया

**नोखा,**(कासं)। नोखा में 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया।

इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया जिसमें भगवान पार्श्वनाथ कष्ट निवारण मंत्र का सामूहिक जाप भी शामिल था। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में शासन गौरव साध्वी राजीमती ने प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि भगवान पार्श्वनाथ का जीवन साधना, संयम और तप का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके नाम का स्मरण और एकाग्रता व श्रद्धा से किया गया जाप आत्म-कल्याण का सशक्त साधन है।

साध्वी प्रभातप्रभा के सानिध्य में सामूहिक रूप से ॐ पार्श्वनाथाय नमः मंत्र का विधिवत जाप संपन्न हुआ। इस दौरान सभा भवन भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा प्रीति मरोठी ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ के जाप का 27 दिवसीय अनुष्ठान नियमित रूप से सभा भवन में आयोजित किया जायेगा। मीडिया प्रभारी इंदरचंद बैद ने जानकारी दी कि तेरापंथ महिला मंडल द्वारा तेरापंथ भवन में सामूहिक आयंबिल तप अनुष्ठान भी संपन्न हुआ। इसमें लगभग 95 श्रद्धालुओं ने आयंबिल तप किया। जबकि 31 श्रद्धालुओं ने उपवास रखा।

# साइकिल चलाकर दिया 'फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज' का संदेश

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत विजय दिवस के उपलक्ष में रविवार को संडे ऑन साइकिल रेस का आयोजन डॉ करणी सिंह स्टेडियम से शहीद स्मारक तक किया गया।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, खेल विभाग एवं नमो साइक्लिंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान मु आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल थे। मेघवाल ने स्वयं साइकिल

- **विजय दिवस पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 'संडे ऑन साइकिल' रेस का आयोजन**

चलाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने 'फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज' का संदेश देते हुए बेहतर स्वास्थ्य के लिए साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम के माध्यम से फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता एवं साइक्लिंग को प्रोत्साहन देने का प्रभावी संदेश दिया गया। शहीद स्मारक पर पहुंचकर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल यश राठौड़ द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों व अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्प चढ़ाकर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के कर्नल यश राठौर, स्क्वाड्रन लीडर एल. एन. वर्मा, गुमान सिंह राजपुरोहित, जिला साइक्लिंग संघ बीकानेर के सचिव सुरेन्द्र कूंकणा, अखिलेश प्रताप सिंह, एवीएम महावीर सिंह, कर्नल देवी सिंह बीका, कर्नल जी. एन. शर्मा, सुषमा बिस्सा, कैप्टन प्रभु सिंह, आर.एम. गोविंद सिंह, ओंकार सिंह भाटी, अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट दयालाराम सारण, पेमाराम मेहरिया, मुन्नीराम गोदारा, रामप्रसाद जाट, गणेश सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक एवं स्थानीय साइक्लिस्ट ने भाग लिया। जिला साइक्लिंग संघ बीकानेर के सचिव सुरेन्द्र कूंकणा ने बताया कि इस रेस में 40 से अधिक भूतपूर्व सैनिकों तथा 60 से अधिक साइक्लिंग प्रेमियों ने सहभागिता की। प्रत्येक रविवार को संडे ऑन साइकिल रेस हो रही है।



विजय दिवस के उपलक्ष में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत संडे ऑन साइकिल रेस में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने साईकिल चलाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## पेंशन के लिए 31 तक सत्यापन अनिवार्य

**पूगल,** (कासं)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए 31 दिसम्बर 2025 तक भौतिक सत्यापन करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसा न करने पर लाभार्थी पेंशन फायदा से वंचित हो सकते हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने बताया कि पेंशन लाभार्थी ई-मित्र केन्द्रों पर फिंगर बायोमेट्रिक सत्यापन करवा सकते हैं। साथ ही राजस्थान सोशल सिक्योरिटी पेंशन एंड आधार फेस आरडी नामक एंड्रॉयड मोबाइल ऐप के माध्यम से फेस स्कैन करके भी सत्यापन किया जा सकता है।

यदि किसी लाभार्थी का फिंगर या फेस स्कैन नहीं हो पाता है तो संबंधित उपखंड अधिकारी या विकास अधिकारी द्वारा पेंशन पोर्टल पर पीपीओ नंबर दर्ज कर पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से भी भौतिक सत्यापन करवाया जा सकता है। पंवार ने यह भी बताया कि अत्यधिक वृद्धावस्था या असमर्थता के कारण घर से बाहर निकलने में अक्षम पेंशनरों का भौतिक सत्यापन घर बैठे एंड्रॉयड मोबाइल ऐप के जरिए किया जायेगा। पूगल पंचायत समिति के अंतर्गत कुल 16,155 पेंशन लाभार्थी हैं, जिनमें से अब तक 8,710 लाभार्थियों ने अपना भौतिक सत्यापन करवा लिया है।

## सार-समाचार

### रतन बिहारी मंदिर परिसर में सफाई



रतन बिहारी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में सफाई करते विधायक जेठानंद व्यास।

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार के कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को रतन बिहारी पार्क परिसर में सघन स्वच्छता और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाई। विधायक ने कहा कि स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने में ऐसे छोटे-छोटे प्रयास महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और आसपास के क्षेत्र को साफ, सुथरा और स्वच्छ रखने का संकल्प लें। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि राज्य सरकार के कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण होने पर 15 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। संबंधित विभागों के अधिकारी सरकार के निर्देशानुसार समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने बताया कि स्वच्छता अभियान के दौरान निगम के समस्त संसाधनों के साथ स्वच्छता की गई। अवर फॉर नेशन के समस्त सदस्यों ने सुधीश शर्मा की अगुवाई में श्रमदान किया। इस दौरान कोटा कृषि विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ विमल डुकवाल, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, उपखंड अधिकारी महिमा कसाना, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा तथा कुलराज मीणा, देवस्थान विभाग की निरीक्षक सोनिया रंगा, राजीविका के जिला प्रबंधक दिनेश मिश्रा सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### फुटबॉल ट्रॉफियों का लोकार्पण



राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का लोकार्पण बार अध्यक्ष अजय पुरोहित व पूर्व पार्षद सुनील बांठिया ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। युवाओं में सोशल मीडिया के प्रति बढ़ते प्रभाव और स्वस्थ शरीर की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से मास्टर बच्ची क्लब फुटबॉल समिति के तत्वावधान में राज्य स्तरीय 31 वां मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट पुष्करणा स्टेडियम के हरे भरे मैदान पर खेला जायेगा। जिसकी ट्रॉफियों का लोकार्पण रविवार को किया गया। आयोजन सचिव भरत पुरोहित ने बताया कि 25 से 29 दिसम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में मेजबान बीकानेर सहित प्रदेश की 10 टीमें अपना दमखम दिखायेगी। समिति अध्यक्ष सुनील बांठिया ने बताया कि नॉकआउट सिस्टम पर आयोजित इस प्रतियोगिता में रेफरी पैनल बनाया गया है। संरक्षक एन. डी. रंगा ने बताया कि बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के रहने व भोजन की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की जायेगी। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को पूर्व पार्षद राजा सेवग के सहयोग से सूर्या भवन और मोहता धर्मशाला में ठहराया जायेगा। प्रतियोगिता में विजेता और उप विजेता ट्रॉफी खांडेकर क्लब के अध्यक्ष डीवाईएसपी अनिल पुरोहित और खांडेकर आयोजन समिति के ई राजेश व्यास,एईएन द्वारा स्व. अमित सेठी मेमोरियल के नाम से प्रदान की गई। इसके अलावा रनिंग ट्राफी अशोक छंगाणी द्वारा सीता देवी छंगाणी की स्मृति में जमन घोट द्वारा प्रदान की जायेगी। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता की ट्रॉफियों का लोकार्पण रविवार को किया गया। इस मौके पर बार के अध्यक्ष अजय पुरोहित, नवल पुरोहित, सुनील बांठिया, एन. डी. रंगा, भरत पुरोहित, बुंदेला सिंह, शिवकुमार व्यास, रामजी सोनी, पंडित महेन्द्र व्यास, विनोद जागा, केशव पुरोहित, सीए शंकर लाल व्यास, आशीष किराडू, जितेन्द्र पुरोहित, देवेन्द्र पुरोहित, कमरूद्दीन, आशुतोष पुरोहित आदि मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी हर्षित बिस्सा ने बताया कि बीकानेर की टीम के अलावा जयपुर, जोधपुर, कोटा अजमेर, भीलवाड़ा, नोहर की टीमें अपना दमखम दिखायेंगी।

### युवती ने की आत्महत्या

**जसरासर,** (कासं)। बिश्नोई बास में एक 19 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली। पूजा पुत्री सुरेश कुमार ने अपने घर में चुन्नी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन पूजा को जसरासर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। वहां सीएचसी प्रभारी कुलदीप ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर जसरासर पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई रव्द्रि सिंह, मिंटू और विष्णु ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नोखा भिजवाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं लूणकरणसर क्षेत्र में कालू पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 682 ग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान पवन कुमार के रूप में हुई है।

# कलेक्टर की अनुशंसा पर खोले तीन मूंगफली खरीद केन्द्र, दो पर स्टे

**बीकानेर,** (कासं)। एमएसपी पर मूंगफली की खरीद के लिए नए खरीद केन्द्र खोलने पर विवाद खड़ा हो गया। सहकारिता विभाग ने नियम ताक पर रखकर दस किलोमीटर के दायरे में ही तीन नए केन्द्र खोल दिए। जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर मंजूर हुए इन केन्द्रों का मामला हाईकोर्ट तक चला गया है।

बीकानेर-कोलायत क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के तहत रामसर, स्वरूपदेसर और मेघासर जीएसएस पर नए खरीद केन्द्र खोले गए हैं, जिन्हें लेकर विवाद गहरा गया है। तीनों ही केन्द्र 10 किमी के दायरे में खोले गए हैं। जबकि दो केन्द्रों के बीच दूरी 15 किमी से ज्यादा होनी चाहिए। तीनों में पूर्णकालिक व्यवस्थापक ही नहीं है। फिजिकल वेरिफिकेशन ही नहीं हुआ। तीनों ही राजफैड के नियमों को पूरा नहीं कर रहे। इनमें सबसे ज्यादा विवादित स्वरूपदेसर और नापासर केन्द्र हैं, जिन्हें हटाने पर हाईकोर्ट का स्टे आ गया है।

जिले में एमएसपी पर मूंगफली की बड़ी खरीद होती है। यह खरीद

- **तीनों ही केन्द्र 10 किमी के दायरे में खोले गए हैं जबकि दो केन्द्रों के बीच दूरी 15 किमी से ज्यादा होनी चाहिए**

तहसील स्तर पर क्रय विक्रय सहकारी समितियों और उनकी सदस्य ग्राम सेवा सहकारी समितियों के तहत की जाती है। जिले में कुल 42 केन्द्रों में से 13 नए खोले गए हैं, जिनमें कुछ पर खरीद अब तक शुरू नहीं हुई है। किसानों की सुविधा की आड़ में खोले गए नए केन्द्र अब विवाद में पड़ गए हैं। चौंकाने वाली बात ये है कि जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर खोले गए केन्द्रों पर ही विवाद गहराया है।

शिशुपाल सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी, राजफैड ने बताया कि सरकार की मंशा रहती है कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिले, इसके तहत ही नए केन्द्र खोले जाते हैं। इससे किसानों को अपनी फसल बेचने ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ता। इसके अलावा तहसील का किसान अपनी फसल कहीं भी तुलवा सकता है। उमाकांत व्यास, मुख्य व्यवस्थापक, केवीएसएस, बीकानेर का कहना है कि जिला कलेक्टर और सहकारिता विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार के जरिए नए खरीद केन्द्र के प्रस्ताव जाते हैं। हमारे पास सूचना फाइनल होने पर मुख्यालय से आती है।

स्वरूपदेसर में नया केन्द्र खोलने और नापासर केन्द्र बंद करने पर विवाद है। नापासर और पलाना केन्द्र को हटाने की अनुशंसा कलेक्टर ने 13 अक्टूबर को की थी। दो दिन बाद ही कलेक्टर ने एक अन्य संशोधित आदेश जारी कर पलाना को यथावत रखते हुए स्वरूपदेसर खरीद केन्द्र को हटाने की अनुशंसा कर दी। अब प्रभावशाली किसानों ने नापासर और स्वरूपदेसर के खरीद केन्द्र पर हाईकोर्ट से स्टे ले लिया है। दरअसल नया सेंटर खोलने की प्रक्रिया एक चैन की तरह है। जीएसएस प्रस्ताव बनाकर केवीएसएस को भेजती है। केवीएसएस से फिजिकल वेरिफिकेशन होने के बाद प्रस्ताव सहकारिता विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार के पास जाता है।

## जानलेवा हमले का आरोपी रिमांड पर

**बीकानेर,** (कासं)। व्यास कॉलोनी थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया है।

बंगलानगर निवासी शिवशंकर उर्फ शिवा पुत्र हरिराम जाट ने तीन जुलाई को अपने साथियों के साथ व्यास कॉलोनी में विकास को घेर कर लाठियों सरियों से हमला कर दिया और अपनी गाड़ियों से विकास की कैम्पर गाड़ी से टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया था। सरेआम हुई इस वारदात का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

वारदात में शामिल शिवशंकर उर्फ शिवा पुत्र हरिराम जाट फरार चल रहा था। एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने उसकी गिरफ्तारी पर दस हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था। शुक्रवार की रात फरार अपराधी शिवशंकर के ठिकाने पर दबिश देकर उसे गिरफ्त में ले लिया। 3 जुलाई 2025 को पीड़ित विकास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि व्यास कॉलोनी में शिव गोदारा, विष्णु बांगूड़ा समेत 10-15 लोगों ने लाठी-सरियों से मारपीट की और कैम्पर गाड़ी को टक्कर मारकर तोड़फोड़ की। मामले की जांच अनुष्ठा कालिया को सौंपी गई थी।

# खेजड़ी कटाई के विरोध में आंदोलन का निर्णय

**बीकानेर,** (कासं)। खेजड़ी कटाई के विरोध में आंदोलन को उग्र करने के लिए बिश्नोई समाज की ओर से 19 दिसम्बर अमावस्या के दिन मुक्तिधाम मुकाम में आमसभा का आयोजन किया जायेगा। यह निर्णय बिश्नोई धर्मशाला में पर्यावरण संघर्ष समिति के तत्वावधान में हुई आमसभा में लिया गया।

सभा में मुकाम पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी रामानंद महाराज ने कहा कि राज्य सरकार ने खेजड़ी कटाई रोकने का कानून बनाने का तीन बार आश्वासन देकर डेढ़ साल बाद विश्वासघात किया है। इसलिए बिश्नाई समाज नए तरीके से रणनीति बनाकर आंदोलन तेज करेगा। इसके लिए 19 दिसम्बर को सुबह 11 बजे मुकाम में आमसभा होगी। जैसला के महंत स्वामी भागीरथ दास शास्त्री ने आंदोलन में भाग लेने का संकल्प दिलाया और अधिक से अधिक लोगों को बुलाने का आव्हान किया। संघर्ष समिति के संयोजक रामगोपाल बिश्नोई ने डेढ़ साल के संघर्ष की जानकारी दी।

संपूर्ण राजस्थान में हो रही राज्य वृक्ष खेजड़ी की कटाई का विवरण

- **19 दिसम्बर को मुकाम में आंदोलन को लेकर जुटेगा बिश्नोई समाज**
- **लाखों की संख्या में खेजड़ी काटने की संभावना जताई**

प्रस्तुत करते हुए लाखों की संख्या में खेजड़ी काटने की संभावना जताई। जिसको रोकने के लिए बिश्नोई समाज को एकजुट होकर उग्र आंदोलन करने और सरकार को झुकाने तक एकजुट रहने का आव्हान किया।

नागौर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ आदि जिलों से आये पर्यावरण प्रेमियों ने विचार प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने खेजड़ी बचाने के सुझाव दिये। सभा में गणपतराम सिंगड़, हनुमान बेनीवाल, रामरतन बिश्नोई, भंवर ज्याणी, सुभाष भाम्भू, विजयपाल डेलू, रामरतन डेलू, प्रभु गोदारा, हजारी मंडा, बनवारी सियाग, नारायण सिंह , रिछपाल फौजी, हड़मान पूनिया, ओ.पी. खीचड़ आदि मौजूद थे।

# दो बेटियों के निकाह में सहयोगी बनी साध संगत

**बीकानेर,** (कासं)। डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरू संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां द्वारा चलाये गए मानवता भलाई कार्य आज दो बेटियों के निकाह करने में सहयोगी बन गए। गुरूजी की पावन प्रेरणा पर चलते हुए शहर की साध संगत ने दो परिवारों की बेटियों की शादी में जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया।

सेवादार अजीज शेखावत इन्सां ने बताया कि शहर के दो मुस्लिम परिवारों ने अपनी बेटियों की की शादी करने के लिए निकाह के साथ दिया जाने वाला घर की जरूरत का सामान उपलब्ध करवाने की मांग रखी। एक परिवार के घर में कोई भी कमाने वाला नहीं है। वहीं दूसरे परिवार बिहार दिहाड़ी मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहा है। डेरा सच्चा सौदा हेल्पलाइन पर आवेदन पहुंचने के बाद बीकानेर की साध संगत

- **डेरा सच्चा सौदा हेल्पलाइन पर आवेदन पहुंचने के बाद बीकानेर की साध संगत ने जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया**

ने दो बैड, दो गद्दे, दो अलमारी, चार कुर्सी, दो मेज, दो बर्तन सेट, दो रजाई, चार खेस, दो चद्दर, दो तकिए, तीन सूट परिवार को उपलब्ध करवाए। अजीत शेखावत, पुरूषोत्तम सोनी, कालूराम पटवारी, राजकुमार, मलकीत सिंह, हरबंस सिंह, रामसिंह, सुधीर नरूला, मदन, निर्मल मेहंदीरता, नीलम , रितू नरूला, वीना, किरण आदि सहयोग करने वालों में शामिल थे।

## मां करणी मंदिर में रविवार को उमड़ी भीड़

**देशनोक,** (कासं)। देशनोक स्थित विश्व प्रसिद्ध मां करणी माता मंदिर में रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। अवकाश का दिन होने के कारण सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की लम्बी कतारें लग गई। दूर-दराज से आये भक्तों ने मां करणी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर प्रशासन और सेवायतों द्वारा दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में चुनरी, प्रसाद और फल अर्पित कर मत्था टेका। अत्यधिक भीड़ के बावजूद दर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। रविवार का दिन होने के कारण दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा। मां करणी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

# एक लाख के चार लाख चुकाये फिर भी डेढ़ लाख और मांगे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गोल बाजार में रेडिमेड कपड़ों की दुकान चलाने वाले युवा व्यापारी ने एक व्यक्ति से 94,360 रूपए उधार लिए। एक साल में ब्याज सहित 3,99,591 रूपए चुका दिए लेकिन फिर भी डेढ़ लाख रूपए और बकाया निकाल दिए। इतना ही नहीं अमानत के तौर पर दिए एक चैक में 5 लाख रूपए भरकर बैंक से बाउंस भी करा लिया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने धोखाधड़ी और चैक बाउंस का मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने उधार दी गई राशि चुकाने के बाद भी दिए गए खाली चैकों का गलत इस्तेमाल किया और अतिरिक्त पैसे की मांग करते हुए ब्लैकमेल किया। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर अमन घणघस

- **पीड़ित ने फाइनेंसर पर कोतवाली पुलिस थाना में धोखाधड़ी और चैक बाउंस कराने का मुकदमा दर्ज कराया**

को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार गोल बाजार में बॉयज वैली नाम से रेडिमेड कपड़ों की दुकान संचालित करने वाले डेनिस अरोड़ा निवासी खाटलबाना ने कोतवाली थाने में यह रिपोर्ट दर्ज कराई है। डेनिस ने शिकायत में बताया कि उसने पिछले वर्ष दिसम्बर में वेलकम विहार कॉलोनी निवासी अमित चुघ से एक लाख रूपए उधार मांगे थे। अमित ने दिसम्बर 2024 से अप्रैल 2025 के दौरान कुल 94 हजार 360 रूपए उनके एचडीएफसी बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए। इस उधार राशि के बदले में डेनिस और उनके भाई हिमांशु ने अमित को दो खाली चैक दिए थे, जिन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

डेनिस ने बताया कि उन्होंने उधार ली गई राशि को ब्याज सहित किस्तों में चुकाना शुरू कर दिया। पूरी राशि चुकाने के बाद जब उन्होंने अमित से अपने खाली चैक वापस मांगे तो अमित ने इनकार कर दिया।

आरोपी अमित ने दावा किया कि अभी डेढ़ लाख रूपए और बकाया है। जबकि डेनिस के हिसाब से वे अमित को कुल 3 लाख 99 हजार 591 रूपए उधार राशि और ब्याज सहित चुका चुके थे।

# राजस्थानी भाषा को उसका संवैधानिक अधिकार मिलना समय की मांग

**बीकानेर,**(कासं)। सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, बीकानेर एवं मुक्ति संस्था के संयुक्त तत्वावधान में इटली मूल के प्रसिद्ध राजस्थानी भाषा शोधकर्ता डॉ. एल.पी. तैस्सीतोरी की 138वीं जयंती के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मातृभाषा महोत्सव का समापन रविवार को सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत वातावरण में हुआ।

कार्यक्रम संयोजक राजाराम स्वर्णकार ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिवस का मुख्य आकर्षण राजस्थानी भाषा मान्यता जागरूकता यात्रा रही, जो मुख्य डाकघर के आगे जनसभा के रूप में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोकरमल राजरानी गोयल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. नरेश गोयल रहे। जबकि अध्यक्षता प्रसिद्ध कवि और पोस्टमास्टर विशाल भारद्वाज ने की। इस अवसर पर बीकानेर साहित्य-जगत व स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। वरिष्ठ कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में राजस्थानी भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाषा किसी समाज की सांस्कृतिक पहचान होती है और राजस्थानी भाषा को उसका संवैधानिक अधिकार मिलना समय की मांग है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से इस आंदोलन को जन-आन्दोलन का रूप देने की अपील की।

मुख्य अतिथि डॉ. नरेश गोयल ने कहा कि राजस्थानी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हमारी लोक-संस्कृति, इतिहास और अस्मिता की धड़कन है। उन्होंने कहा कि डॉ. तैस्सीतोरी जैसे विदेशी विद्वान ने जब इस भाषा के अध्ययन में अपना जीवन समर्पित किया, तब यह सिद्ध हुआ कि राजस्थानी भाषा का महत्व सीमाओं से परे भी है। डॉ. गोयल ने जन समुदाय से कहा कि अब समय है कि राजस्थान सरकार अपनी मातृभाषा के सम्मान के लिए आगे आए। जब तक राजस्थानी को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान नहीं मिलता, तब तक हमारी सांस्कृतिक पहचान अधूरी रहेगी।



राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के लिए निकाली गई जागरूकता यात्रा में लोगों ने हस्ताक्षर किए।

## सेवा प्रकल्प आरोग्य सहारा का शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। भारत विकास परिषद नगर इकाई बीकानेर द्वारा श्री दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट, सूरजपुरा के सहयोग से स्थायी सेवा प्रकल्प 'आरोग्य सहारा' का शुभारंभ श्री दुर्गा माता मंदिर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी विमर्शानन्द महाराज, कार्यक्रम एवं भारत विकास परिषद की प्रांतीय अध्यक्षा डॉ. दीप्ति वहल, दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट सूरजपुरा के अध्यक्ष ब्रजेश शर्मा तथा भारत विकास परिषद नगर इकाई बीकानेर के अध्यक्ष राजीव शर्मा द्वारा मां भारती एवं प्रेरणा पुंज स्वामी विवेकानन्द के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ किया गया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी विमर्शानन्द महाराज ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि भारत विकास परिषद समाज के प्रति अपने दायित्वों का निरंतर एवं प्रभावी रूप से निर्वहन कर रही है।

# तपस्वियों का किया अभिनंदन



भगवान पार्श्वनाथ जन्म जयंती पर आयोजित तप अभिनंदन समारोह में तपस्वियों का अभिनंदन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। पार्श्वनाथ जयंती के अवसर पर आज तेरापंथी सभा गंगाशहर के द्वारा उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार के सानिध्य में तप अभिनंदन समारोह रखा गया।

मुनि ने भगवान पार्श्वनाथ के बारे में बताया कि 23 वें तीर्थंकर के रूप में चातुर्याम धर्म का प्रतिपादन किया। अंहिसा परमो धर्म सभी जीवों के प्रति दया प्रेम करूणा का भाव रखना, मन वचन और कर्म से किसी को कष्ट नहीं पहुंचाना उनके संदेश का मूल आधार है। मुनि ने कहा कि भगवान पार्श्वनाथ ने ग्रस्थावास में सर्प सर्पिणी का उदार किया और साधु - संत बनने के बाद जन जन का उदार किया। वर्तमान संदर्भ में भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन की आज भी उतनी आवश्यकता है।

# बूंदी में ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, पति-पत्नी और बेटे की मौत

## हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर फरार हो गया, गुस्साये लोगों ने हाईवे पर जाम लगाया

**बूंदी, (निसं)।** बूंदी के तालेड़ा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर फरार हो गया। एक्सीडेंट रविवार दोपहर नेशनल हाईवे-52 पर तालेड़ा थाना क्षेत्र के सादड़ी कट के पास हुआ।

तालेड़ा थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार पति-पत्नी और एक साल का बच्चा उछलकर सड़क पर गिर पड़े। गंभीर चोट लगने के कारण तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सांवलपुरा गुमानपुरा (बूंदी) निवासी सुंदर सिंह (36) पुत्र दरबासा सिंह, उनकी पत्नी राज कौर (30) और बेटे अमृत उर्फ अमनदीप सिंह के तौर पर हुई है। शवों को तालेड़ा हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम लगा दिया जिसे पुलिस ने समझाईश कर हटवा दिया। घटना से आक्रोशित लोगों का कहना है कि फोरलेन पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार से एक्सीडेंट बढ़ रहे हैं। तीनधारा महादेव कट के पास पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।


मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शवों को अस्पताल भिजवाया।

- **आक्रोशित लोगों का कहना है कि फोरलेन पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार से एक्सीडेंट बढ़ रहे हैं**

**बाइक की टक्कर से पिता और दो बच्चे घायल** भरतपुर के कस्बा भुसावर की विद्यापीठ कॉलोनी निकट तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बाइक सवार पिता और दो बच्चे घायल हो गये, जिन्हें भुसावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। चिकित्साकर्मी शेखचंद ने बताया कि विद्यापीठ कॉलोनी निकट सड़क दुर्घटना में घायल नगला सिरसियान हाल विद्यापीठ कॉलोनी निवासी राकेश धाकड़ एवं उनके पुत्र मयूर और बेटी बिट्टू को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया, जहां उपस्थित चिकित्सकों की देखरेख में घायलों का उपचार किया। सड़क दुर्घटना में मयूर पुत्र राकेश धाकड़ के पैर में गंभीर चोट आने और बिट्टू पुत्री राकेश धाकड़ के सिर में चोट आने के कारण उन्हें भरतपुर रैफर किया गया है। घायल राकेश धाकड़ ने बताया कि वह अपने दोनों बच्चों को आरएससीआईटी का पेपर दिलवाकर वापस घर जा रहा था।

# उदयपुर-पिण्डवाड़ा हाईवे पर छह वाहन भिड़े, चार की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर-पिण्डवाडा हाईवे रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में छह वाहन आपस में भिड़ गये। हाइवे पर करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया वहीं दुर्घटना में चार जनों की मौत हो गई व पांच घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार शहर के उदयपुर-पिण्डवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम गोगुन्दा थाना क्षेत्र के ईसवाल के समीप मार्बल स्लैब से भरा एक बेकाबू ट्रेलर टैंकर से टकरा गया। इस दौरान तीन कारें भी इनमें आ घुसी। ट्रेलर पिंडवाड़ा से उदयपुर की ओर आ रहा था और दुर्घटना के बाद अनियंत्रित होकर एक के बाद एक गाड़ियां टकराती गई। करीब छह वाहन आपस में टकरा गए और हादसे में चार जनों की मौत के समाचार मिले हैं। हादसे में भिड़ी फॉर्च्यूनर व अन्य कारें चकनाचूर हो गई। वाहनों में फंसे लोगों को पुलिस व ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया वहीं हादसे के बाद मार्ग पर करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस उपअधीक्षक गोपाल चंदेल, गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह चारण ने मौके पर पहुंच कर राहत कार्य करते हुए मृतकों के शवों को गोगुन्दा चिकित्सालय की मोर्चरी में पहुंचाया वहीं घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय रेफर किया गया। करीब एक घंटै बाद वाहनों को मौके से हटाकर यातायात का सुचारू किया गया।

- **मार्बल स्लैब से भरा बेकाबू ट्रेलर टैंकर से टकरा गया था**

# तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने युवक की जान ली

**नसीराबाद, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र के कोटा रोड़ स्थित ग्राम लोहरवाड़ा में रविवार को एक सड़क हादसा हो गया। केकड़ी की ओर से आ रहे तेज गति के दूध टैंकर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय सागर गोयर पुत्र प्रताप गोयर बाइक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आए दूध के टैंकर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सागर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल नसीराबाद के राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों द्वारा किए गए उपचार के बावजूद सागर को बचाया नहीं जा सका।

जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को जब्त कर लिया है तथा मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी।

# तार चोरी करने वाली गैंग पकड़ी, तीन गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुलिस ने तार चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चुराया गया सामान व वाहन बरामद किये हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा के निर्देशन में वृताधिकारी मालपूरा आशीष प्रजापत के सुपरविजन एवं डिग्गी थानाधिकारी डिग्गी गोपाल चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा विद्युत अधिनियम में दर्ज थाना प्रकरण में कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी संसाधनों की सहायता से तलाश कर आरोपी कल्लू उर्फ रमजू उर्फ रईश उर्फ सलीम पुत्र अनीश उर्फ सुबराती तेली निवासी पदमपुरा थाना टोडाभीम जिला करोली हाल पाटियान की ढाणी थाना खो नागोरियान जयपुर, शाहरूख उर्फ बोदा पुत्र शाहबुद्दीन निवासी शिवाजी कॉलोनी पिपलाई थाना बामनवास जिला सवाई माधोपुर व राधेश्याम पुत्र उंकार लाल तंवर निवासी पीठापुरा थाना डांगीपुरा जिला झालावाड़ को गिरफ्तार किया गया है।

डिग्गी थानाधिकारी ने बताया कि टीम ने आरोपियों की निशादेही से प्रकरण में चोरी किए गए विद्युत तारों को बरामद कर रैकी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं महेन्द्रा बोलेरो कार को जब्त किया गया है। उक्त सामान व वाहन रिंगरोड पुलिया थाना मुहाना मण्डी के नीचे खड़ी पिकअप में से बरामद किये गये तथा प्रकरण में शेष आरोपियों की तलाश व अनुसंधान जारी है।

# नाल सिविल एयरपोर्ट पर जानवर के अवशेष के साथ फ्रांसीसी दम्पती गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** यहां नाल सिविल एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेकिंग के दौरान फ्रांसीसी पति-पत्नी के पास जानवर की खोपड़ी मिली। रविवार को इन्हें वाइल्ड लाइफ एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। खोपड़ी किस जानवर की है, इसकी पहचान के लिए इसे देहरादून लेबोरेट्री भेजा जाएगा। पति-पत्नी शनिवार रात को वन विभाग की निगरानी में ही रहे। दिल्ली में फ्रांस के दूतावास को भी इसकी सूचना दी गई है। जांच में सामने आया कि दोनों आठवीं बार भारत घूमने आए हैं। शनिवार रात दोनों नाल एयरपोर्ट से दिल्ली जाने के लिए चेक-इन कर रहे थे। इसी दौरान एयरपोर्ट स्टाफ को उनके पास एक संदिग्ध लगेज नजर आया। इसमें जानवर की खोपड़ी जैसा दिखने वाला वाइल्डलाइफ आर्टिकल (आइटम) मिला। शक होने पर एयरपोर्ट प्रशासन ने वन विभाग को सूचना दी। जांच में खोपड़ी हड्डी की और सींग लकड़ी के होने की पुष्टि हुई है। वन विभाग तस्करी के एंगल से भी जांच कर रहा है।

- **खोपड़ी किस जानवर की है, पहचान के लिए देहरादून लेबोरेट्री भेजा जाएगा**

वन मंडल बीकानेर के डीएफओ वेंकटेश ने बताया कि एयरपोर्ट प्रशासन की सूचना पर संदिग्ध आइटम को जब्त किया गया। शुरुआत में वह आर्टिफिशियल लग रहा था। पुष्टि के लिए बीकानेर के राजूवास में राज्य पशु चिकित्सा लैब भेजा गया। यदि जांच में यह वन्यजीव का अंग पाया गया, तो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच रिपोर्ट आने में 20 से 25 दिन लगते हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे भारत घूमने आए हैं। नागालैंड में एक प्रदर्शनी से जानवर की खोपड़ी जैसा दिखने वाला आइटम खरीदा था। शुक्रवार को वे बीकानेर पहुंचे थे।

विदेशी दंपती से मिले आइटम में जानवर की हड्डी होने की सूचना पर लोगों ने वन विभाग कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। आरोपी पति-पत्नी को रविवार को गिरफ्तारी के कुछ देर बाद ही जमानत मिल गई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी रहेगी। वहीं, शनिवार रात को वन्यजीव प्रेमी मोखराम धारणिया के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता वन विभाग कार्यालय पहुंचे। वे कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। स्थिति बिगड़ती देख वन विभाग ने सदर थाने को सूचना दी। सदर थानाधिकारी सुरेन्द्र पचार मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को समझा कर मामला शांत कराया।

# ट्रक ने कार को टक्कर मारी, दो लोगों की मौत

**सवाई माधोपुर/जयपुर।** सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा थाना इलाके में स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस पर शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस हादसे के बाद आरोपित चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

चौथ का बरवाड़ा थानाधिकारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि हादसा शनिवार रात डेढ़ बजे चौथ का बरवाड़ा थाना क्षेत्र में हुआ था, जहां दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस पर पुलिया नंबर 181 कावड़ के पास एक कार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस को मौके से एक युवक के पास आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर उसकी पहचान सोनू पुत्र जोगिंदर (28) निवासी हिसार (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक सोनू के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। वहीं दूसरे युवक के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने से उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं हादसे के बाद फरार ट्रक और उसके चालक की तलाश के लिए एक्सप्रेस पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**सड़क हादसे में तीन जने घायल** : जयपुर नेशनल हाईवे-21 स्थित हलैना थाना क्षेत्र के आमोली टोल प्लाजा के पास एक ट्रेलर ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं सहित तीन जने घायल हो गए, जबकि चालक सहित अन्य चार जने बाल-बाल बच गए। सूचना पर हलैना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टोल वसूल कम्पनी की सुरक्षा टीम की मदद से घायलों को कस्बा हलैना के राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से घायलों को भरतपुर रैफर कर दिया, लेकिन घायलों के परिजन सभी घायलों को महवा ले गए। ट्रेलर चालक कोहरे का फायदा उठा कर ट्रेलर को लेकर भाग निकला। कार में सवार लोग दौसा जिले के महवा से वृन्दावन घूमने जा रहे थे और एक ही परिवार के सदस्य थे। थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को टोल वसूल कम्पनी की सुरक्षा टीम के सहयोग से हलैना के राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया,जहां से समस्त घायल जयपुर उपचार कराने के लिए चले गए। हादसा कोहरे के कारण हुआ ट्रेलर के चालक ने यू-टर्न लिया और कार में टक्कर मार दी।

# अवैध गैस रिफिलिंग का खुलासा, दो जने हिरासत में

**अजमेर, (निसं)।** जिले के पीसांगन क्षेत्र के ग्राम केसरपुरा में अवैध गैस रिफिलिंग की सूचना पर रसद विभाग, पुलिस एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गतिविधि का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पूछताछ में लंबे समय से अवैध गैस रिफिलिंग किए जाने के संकेत मिले हैं।

जिला रसद अधिकारी नीरज जैन ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया, जहां घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस भरी जा रही थी। यह कार्य बिना किसी वैध अनुज्ञा एवं सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी करते हुए किया जा रहा था, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। कार्रवाई के दौरान एक गैस टैंकर, दो पिकअप वाहन तथा एक लोडिंग टेंपो बरामद किए गए, जिनका उपयोग अवैध गैस परिवहन एवं रिफिलिंग में किया जा रहा था। इसके साथ ही एक घरेलू सिलेंडर एवं 115 कमर्शियल श्रेणी के गैस सिलेंडर, गैस भरने के लिए प्रयुक्त नोजल पाइप, टोटलाइजर मशीन, इलेक्ट्रॉनिक वजन कांटा एवं अन्य तकनीकी उपकरण जब्त किए गए। जब्त किए गए सिलेंडर एवं उपकरणों को भास्कर इंडेन गैस एजेंसी आईओसीएल सराधना को सुपुर्द किया गया, जबकि गैस टैंकर को आईओसीएल प्लांट तबीजी को सुपुर्द किया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गैस टैंकर से सीधे सिलेंडरों में गैस भरकर बाजार में खपाने की तैयारी की जा रही थी, जिससे उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी हो रही थी और जनसुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। प्रकरण में थाना मांगलियावास में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि अवैध गैस रिफिलिंग जैसी गतिविधियां अत्यंत खतरनाक हैं, जिनसे आगजनी, विस्फोट एवं जनहानि की गंभीर आशंका रहती है। प्रशासन द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर सख्त निगरानी एवं कार्रवाई जारी रहेगी। प्रवर्तन दल में प्रवर्तन अधिकारी रेणुका चतुर्वेदी, प्रवर्तन निरीक्षक राहुल वेदवाल, मुकेश बुगालिया, मांगलियावास थाना अधिकारी दिनेश कुमार तथा जिला स्पेशल टीम के उप निरीक्षक सत्यवान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# किराना दुकान व अनाज गोदाम में आग से 50 लाख का नुकसान

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा क्षेत्र में स्थित ग्राम रामपुर में देर रात्रि अज्ञात कारणों से एक अनाज, किराना और जनरल स्टोर की दुकान में आग लगने से करीब 50 लाख रुपए से अधिक का सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार हरिप्रसाद पुत्र खेताराम अग्रवाल ने ग्राम रामपुर में किराना जनरल स्टोर की दुकान है। दुकान के पास ही अनाज का गोदाम भी है। शुक्रवार रात्रि आठ बजे रोज की तरह दुकान मंगल कर गए थे। उसके पश्चात शनिवार सुबह करीब 4.30 बजे ग्रामीणों ने फोन कर सूचित किया कि आपकी दुकान से तेज धुआं निकल रहा है। लोगों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दुकान मालिक ने आग देखी तो वो अचेत हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलती पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और दुकान खोलकर देखा तो सारा सामान धूं-धूं करके जल रहा था। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया था। अग्निकांड में लगभग 50 लाख रुपए से अधिक का अनाज,किराना और जनरल का सामान जल गया।

- **सुबह दुकान से धुआं निकलता देख ग्रामीणों ने पुलिस, फायर ब्रिगेड व मालिक को सूचना दी**

# शिक्षक की मौत

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा पालिका क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे में निराश्रित पशु और जानवर लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। तीन दिन पहले प्रागपुरा कस्बे में बाजार जा रहे प्रागपुरा निवासी एक बुजुर्ग शिक्षक संपत लाल पर सांड (मवेशी) ने हमला कर दिया जिसके बाद वो गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बुजुर्ग को ग्रामीण कोटपुतली अस्पताल ले गए, जहां तीन दिन के इलाज के बाद बुजुर्ग शिक्षक ने दम तोड़ दिया।

# माण्डलगढ़ के कल्याणपुरा में कृषि विभाग का फार्म बदहाली के कगार पर पहुंचा

**माण्डलगढ़, (निसं)।** माण्डलगढ़ उपखण्ड के कल्याणपुरा में राजस्थान बीज निगम के अधीन संचालित 300 बीघा के कृषि विभाग के फार्म पर व्यवस्थाओं की पोल एक बार फिर खुलकर सामने आई है। चार दशकों से फार्म से ठेका पद्धित से होने वाली करोड़ों की आय के बावजूद आज तक सुविधाओं के नाम पर बीज निगम के अफसरों ने एक रुपया भी खर्च नहीं किया। परिणामस्वरूप सरकारी कृषि फार्म पर बने मकान, गोदाम खंडहर हालात में पहुंच चुके है। वहीं कृषि फार्म पर फसल सुरक्षा के लिए चारों दिशाओं में लगी तार जाली भी जर्जर होने से आवारा पशु फसल को चट कर जाते हैं, सिंचाई के पर्याप्त संसाधन भी नहीं हैं।


कल्याणपुरा का कृषि फार्म भवन जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है।

- **राजस्थान बीज निगम के अधीन संचालित 300 बीघा के कृषि विभाग के फार्म पर ठेका पद्धित से करोड़ों की आय होती है**
- **आज तक सुविधाओं के नाम पर बीज निगम के अफसरों ने एक रुपया भी खर्च नहीं किया, फार्म पर बने मकान गोदाम खंडहर हालात में पहुंच चुके हैं**
- **स्थानीय किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 35-40 वर्षों में फार्म की हालत जस की तस है**

कल्याणपुरा कृषि फार्म के ठेकेदार से खेती के लिए अलग-अलग प्लॉट लेने वाले किसानों ने बताया कि बीज निगम इस 300 बीघा के कृषि फार्म को करीब 4 दशक से प्रति 3 वर्ष ठेके के लिए ठेकेदार को निगम द्वारा नीलामी प्रक्रिया से दिया जाता है, जिससे निगम करोड़ों रुपये की आय प्राप्त करता है। ठेकेदार यहां खेती करता है और निगम को मजबूत राजस्व मिलता है। इसके बावजूद आय का एक छोटा हिस्सा भी फार्म के विकास, संरचना सुधार, उपकरण खरीद या सुरक्षा व्यवस्था पर खर्च नहीं किया गया है। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 35-40 वर्षों में फार्म की हालत जस की तस है। न नई सुविधाएं, न रखरखाव कृषि फार्म निगम के लिए केवल कमाई का जरिया बनकर रह गया है। फार्म हाऊस पर बने मकान गोदाम जर्जर, किसानों को सर्दी, बरसात में पेड़ों के नीचे छिपना पड़ता हैं।

कृषि फार्म पर खेती करने वाले किसानों का आरोप है कि पुराने भवनों की दीवारें उखड़ चुकी हैं। टीन शेड जर्जर हो चुके हैं, निवास एवं ठहराव के काबिल नहीं रहे हैं। सिंचाई व्यवस्था के नाम पर पुराने, टूटे-फूटे कुंए और नलकूप ही सहारा हैं। वर्तमान में सिंचाई के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। सुरक्षा के लिए कोई चौकीदार, फेंसिंग या सीसीटीवी कैमरा जैसी व्यवस्था नहीं है। निगम का यह कृषि फार्म क्षेत्र में कृषि अनुसंधान, उन्नत बीज उत्पादन और डिमॉन्स्ट्रेशन का प्रमुख केंद्र माना जाता है।

किसानों का आरोप है कि निगम के जिम्मेदार अधिकारी केवल ठेके की बोली और कागजी औपचारिकताओं में रुचि लेते हैं। फार्म की वास्तविक स्थिति, विकास योजनाएं और क्षेत्रीय किसानों को तकनीकी लाभ पहुंचाने पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता और फसल उपज की खरीददारी में भी निगम द्वारा भारी अनियमितता की जाती हैं।

किसानों ने सवाल उठाया कि जब करोड़ों की आमदनी बीज निगम को हो रही है, तो 40 साल में भी एक ईंट क्यों नहीं जोड़ी गई? आखिर यह धन कहां जाता है?

इस मामले पर बीज निगम अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन किसी ने भी फार्म की बदहाल स्थिति पर आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी। न ही यह स्पष्ट किया कि ठेका आय का उपयोग कहां होता है और क्यों इस कृषि फार्म को लगातार उपेक्षा के अंधेरे में छोड़ दिया गया है।

300 बीघा का यह कृषि फार्म आज उस स्थिति में पहुंच चुका है जहां यह न किसानों के लिए उपयोगी रहा और न सरकार के लिए प्रतिष्ठा का केंद्र। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर सरकार समय रहते ध्यान नहीं देगी तो यह फार्म आने वाले वर्षों में पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। ग्रामीणों और कृषि संगठनों ने कृषि मंत्री को प्रेषित पत्र में मांग की है कि ठेका आय का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए। पिछले चार दशकों में खर्च और रखरखाव का ऑडिट कराया जाए। फार्म को संवर्धन हेतु बजट आवंटित किया जाए। आधुनिक उपकरण, सिंचाई सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था तुरंत लागू की जाए। वहीं कृषि फार्म पर चोरी कर ले गए सैकड़ों पेड़ों की स्वतंत्र एजेंसी से जाँच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

ओमप्रकाश चौधरी, प्लांट मैनेजर, राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन, भीलवाड़ा का कहना है कि कल्याणपुरा कृषि फार्म को कृषि विभाग ने लीज पर दे रखा है, किसानों की समस्या को लेकर फार्म के संवेदक ने तार जाली फेंसिंग मरम्मत के लिए पत्र निगम को भेजा था। उक्त समस्या के समाधान के लिए प्रबंध निदेशक, राज्य बीज निगम लिमिटेड, जयपुर ओर जिला कृषि अधिकारी को अवगत करा रखा है, बजट मिलने पर कृषि फार्म पर सुविधा व्यवस्था में सुधार करा दिया जाएगा। वैसे भी कृषि फार्म जिस हालत में हैं, वैसे ही संवेदक को कृषि कार्य के लिए तीन वर्ष के लिए ठेके पर दिया जाता है।


RIICO
GROW WITH RAJASTHAN
RISING RAJASTHAN
REPLETE • RESPONSIBLE • READY

प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025

राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर

औद्योगिक एवं नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों का डायरेक्ट अलॉटमेंट

सातवाँ चरण

अन्तिम 4 दिन शेष

आवेदन एवं EMD की अंतिम तिथि: 18 दिसम्बर, 2025 (सायं 6 बजे तक)

ई-लॉटरी: 23 दिसम्बर, 2025

107 औद्योगिक क्षेत्र | 7 नए औद्योगिक क्षेत्र | 6,025 कुल औद्योगिक भूखण्ड | 5,253 अनारक्षित भूखण्ड | 40 लॉजिस्टिक भूखण्ड

नए औद्योगिक क्षेत्र

धुँवाला (भीलवाड़ा) | रूंध सौखरी (अलवर) | बारोली (धौलपुर) | पीपलूंद (भीलवाड़ा) | कीडीमाल (भीलवाड़ा) | सथाना - जनरल जोन (ब्यावर) | केकडी एक्सटेंशन (अजमेर)

विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखंड

215 अनुसूचित जाति/जनजाति | 224 महिला वर्ग | 119 भूतपूर्व सैनिक | 146 बेंचमार्क दिव्यांगता | 68 सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक के आश्रित

आवंटन की प्रक्रिया

एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन

EMD - भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।

पात्रता - निवेशक जिन्होंने 19/11/2025 तक राइजिंग राजस्थान में राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं वे सभी इस योजना में भूखण्ड के लिए पात्र हैं।

- भूखण्ड का आवंटन एमओयू धारक के नाम पर ही जारी किया जाएगा।

आवेदन हेतु स्कैन करें

भूखण्ड की राशि का भुगतान

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या
120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
RIICO की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण
5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए https://riico.rajasthan.gov.in पर दिए गए Direct Land Allotment लिंक पर क्लिक करें या riicoerp.industries.rajasthan.gov.in/DirectLand पर विजिट करें

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005
हैल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in
riico.rajasthan.gov.in · riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen

राज.संवाद/सी/25/15733

# आमजन स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान व सहयोग करें- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने जलमहल की पाल पर झाड़ू लगाई व स्वच्छता की शपथ दिलाई

जयपुर, 14 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वच्छता समाज और सरकार की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आमजन स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान और सहयोग कर इनका मनोबल बढ़ाएं ताकि ये स्वच्छता की मुहिम में और तेज गति से कार्य कर सकें।

शर्मा रविवार को जल महल की पाल पर आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल महल हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर है। अपनी धरोहरों, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वच्छ पर्यावरण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एक बड़ी चुनौती है। इसी क्रम में राज्य सरकार प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक की रोकथाम के लिए एक्शन प्लान लेकर आई है।

मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक जल महल की पाल पर श्रमदान व पौधारोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने झाड़ू लगाई और कचरा संग्रहित किया तथा उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। शर्मा ने स्वच्छता योद्धाओं को पीपीई किट और चयनित लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना के चेक वितरित करने के साथ ही रोड स्वीपिंग मशीन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने 'इंप्लिमेंटेशन प्लान फॉर सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री सिटीज' पुस्तिका का विमोचन किया तथा स्वच्छता के कर्तव्य पट्ट पर हस्ताक्षर भी किए।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जल महल की पाल पर राज्य स्तरीय स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम में झाड़ू लगाई और कचरा संग्रहित कर उदाहरण पेश किया।*

■ **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रदेश में 2 लाख 62 हजार व्यक्तिगत तथा 4 हजार से अधिक सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हुआ। राज्य के 42 हजार 492 से अधिक गाँव ओडीएफ प्लस घोषित किये जा चुके हैं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 2 लाख 62 हजार व्यक्तिगत तथा 4 हजार से अधिक सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हुआ है। वहीं 42 हजार 492 से अधिक गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है।

इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा और बालमुकुंदाचार्य, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन डॉ. देबाशीष पृष्टी, जयपुर नगर निगम प्रशासक पूनम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संगीता बरूआ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अरुण शर्मा को क्रमशः 129 और 89 वोट मिले।

महासचिव पद पर उतरे अफ़ज़ल इमाम ने 948 वोट हासिल करके आराम से जीत हासिल की। जतिन गांधी उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में 1,029 वोटों के साथ विजयी हुए।

अदिति राजपूत (कोषाध्यक्ष) और पीआर सुनील (संयुक्त सचिव) निर्विरोध चुने गए। क्लब के मुख्य चुनाव आयुक्त एमएमसी शर्मा और उनकी टीम ने शाम को यहां क्लब के लॉन में पत्रकारों की भरी सभा में परिणाम घोषित किया।

## सिडनी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

6:45 बजे दो काले कपड़े पहने हमलावरों ने एक पैदल ब्रिज (पार्किंग लॉट के पास) से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। स्थानीय समाचारपत्र, सिडनी मॉर्निंग हैरल्ड ने स्थानीय लोगों के हवाले से कहा कि 50 से ज्यादा गोलियां चलने की आवाज़ आयी। खुशी का माहौल पल भर में अफरा-तफरी और दहशत में बदल गया।

## चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खरगे ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस की विचारधारा झूठ पर टिकी है। कांग्रेस इसी झूठ के खिलाफ खड़ी है और सत्य की लड़ाई लड़ रही है।

कांग्रेस की सत्य की विचारधारा है और उनके नेता राहुल गांधी इसी सत्य की विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले भाजपा को सत्ता से बेदखल करना जरूरी है।

## ममता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसके बाद मृत्यु (10,897) और स्थानांतरित मतदाता (12,547) हैं। दोहरे नामांकन के कारण 1,097 और अन्य कारणों से 775 मतदाता हटाए गए। चुनाव अधिकारियों ने कहा कि ये आंकड़े घर-घर जाकर किए गए विस्तृत सत्यापन अभियान का परिणाम हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, "एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित या नामों के दोहराव को हटाकर मतदाता सूची को साफ़ करना है।" भवानीपुर का आंकड़ा राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह निर्वाचन क्षेत्र हाई-प्रोफ़ाइल है। ममता बनर्जी ने 2021 के भवानीपुर उपचुनाव में 58,000 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।

# गौसेवा से शुरु करेंगे, मुख्यमंत्री दूसरी वर्षगांठ का शुभारंभ

जयपुर, 14 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सोमवार (15 दिसम्बर) को अपने कार्यकाल के 2 सफल वर्ष पूर्ण करने जा रही है। इस अवधि में राज्य सरकार ने आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सोमवार (15 दिसम्बर) को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला में जाकर गौसेवा करेंगे। इसके पश्चात वे सांगानेर क्षेत्र में ही आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करेंगे।

■ **वे दिन में रक्तदान शिविर में शामिल होंगे तथा जवाहर कला केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे।**

शर्मा राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) परिसर में आयोजित आरोग्य कैम्प एवं रक्तदान शिविर में भी शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में सौगात देते हुए चिकित्सा संस्थानों में आउटसोर्स मोड पर 22 मदर लैब एवं 800 स्पोक्स का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही वे 1 हजार दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरणों का भी वितरण करेंगे। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में नेत्र जांच शिविर का भी शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री दोपहर में जवाहर कला केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे।

# केरल के स्थानीय चुनावों के बाद उत्तरी जिलों में हिंसा भड़की

## एरामला इलाके में कांग्रेस कार्यालय पर दो सौ माकपा कार्यकर्ताओं ने हमला कर तोड़फोड़ की

तिरुवनंतपुरम, 14 दिसम्बर। शनिवार को केरल में हुए स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद राज्य के कई हिस्सों, खासकर उत्तरी जिलों से रातभर हिंसा की खबरें सामने आती रही। पुलिस के अनुसार अलग-अलग जगहों पर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें, तोड़फोड़ और पथराव की घटनाएं हुईं। कोझिकोड जिले के एरामला इलाके में कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी भवन पर कथित तौर पर माकपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया। पुलिस के अनुसार करीब 200 लोग हथियार लेकर कांग्रेस दफ्तर की ओर बढ़े और इमारत में जमकर तोड़फोड़ की।

पुलिस ने बताया कि इस हमले में लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ। यहां पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचाया गया। इसके बाद यूडीएफ कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए, जिससे तनाव और बढ़ गया। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर हालात काबू में किए गए।

जानकारी के अनुसार कोझिकोड के मराड इलाके में यूडीएफ की जीत के जुलूस पर पथराव की घटना सामने आई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। वायनाड जिले के सुल्तान बाथेरी में एक यूडीएफ कार्यकर्ता और उसके परिवार को ले जा रही कार पर करीब 40 माकपा कार्यकर्ताओं द्वारा हमला करने का आरोप है। एक अलग मामले में पुलिस ने यूडीएफ कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। आरोप है कि पटाखे फोड़ने का विरोध करने पर उन्होंने एक माकपा कार्यकर्ता पर हमला किया।

■ **कन्नूर जिले में मुस्लिम लीग के कई कार्यकर्ताओं के घरों पर भाजपा कार्यकर्ताओं के हमले की भी शिकायतें मिली हैं।**

दूसरी ओर कन्नूर जिले के पनूर इलाके में मुस्लिम लीग के कई कार्यकर्ताओं के घरों पर कथित तौर पर माकपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया।

## केन्द्रीय मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राष्ट्रीय कार्यसमिति के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची में प्रमुख रूप से वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रयागराज से केशव प्रसाद मौर्य, उन्नाव से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भूपेंद्र चौधरी संभल से, स्मृति ईरानी सुल्तानपुर से, महेन्द्रनाथ पांडेय, सूर्यप्रताप शाही, रमापति राम त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य शामिल है।

वैसे पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पूर्वांचल, खासकर गोरखपुर का राजनीतिक महत्व और बढ़ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंकज चौधरी, दोनों ही गोरखपुर क्षेत्र से आते हैं। ऐसे में अब एक के हाथ में सरकार की कमान है तो दूसरे के हाथ में संगठन की जिम्मेदारी, जिससे गोरखपुर भाजपा की सत्ता और रणनीति का नया केंद्र बनकर उभरा है।

## दिल्ली में नकली दवा का बड़ा रैकेट पकड़ा गया

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने नकली शेड्यूल-एच दवाओं के निर्माण, रीपैकेजिंग और देशभर में बिक्री में शामिल एक बड़े और संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 2.3 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकली दवाएं और संबंधित सामान बरामद किया गया और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि असली प्रोडक्ट के रूप में बेची जा रही ये नकली दवाएं लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा थीं। इस मामले में दो आरोपियों, गौरव भगत और राम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि जानकारी और निगरानी के आधार पर टीम ने दिल्ली के सदर बाजार के तेलीवाड़ा के एक थोक दवा और कॉस्मेटिक बाजार की दुकान पर छापा मारा और बड़ी मात्रा में नकली शेड्यूल-एच मलहम जब्त किए।

■ **राजधानी के सदर बाजार में थोक दवा और कॉस्मेटिक बाज़ार की एक दुकान पर छापे में बड़ी मात्रा में नकली शेड्यूल-एच-मलहम जब्त किए।**






मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908